26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : बुधवार, 6 मई, 2026
अंक- 191 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# बंगाल में चुनाव बाद हिंसा

## सुरक्षाबलों पर फायरिंग, 5 घायल : 24 घंटों में 4 हत्याएं

**कोलकाता (एजेंसी/चिंगारी)।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के नतीजे आते ही राज्य में राजनीतिक हिंसा का भयंकर दौर एक बार फिर से शुरू हो गया है। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद कई प्रमुख इलाकों से आगजनी, भारी तोड़फोड़ और हत्या की खौफनाक खबरें लगातार सामने आ रही हैं। आक्रोशित भीड़ ने लेनिन की मूर्ति को तोड़ दिया है और कांग्रेस ने टीएमसी के एक दफ्तर पर अपना कब्जा जमा लिया है। राज्य के अलग-अलग हिस्सों में विभिन्न राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता आपस में बुरी तरह से भिड़ गए हैं, जिससे चारों तरफ तनाव और दहशत का माहौल बना हुआ है। चुनाव आयोग ने राज्य में इस बढ़ती राजनीतिक हिंसा को बेहद गंभीरता से लेते हुए प्रशासन को सख्त से सख्त कार्रवाई करने के स्पष्ट आदेश दिये हैं।

### इनमें भाजपा-TMC के 2-2 कार्यकर्ता, तृणमूल ऑफिस पर बुलडोजर चला



इस चुनावी हिंसा की आग में मुख्य रूप से आसनसोल, कोलकाता, न्यू टाउन और बीरभूम जैसे संवेदनशील इलाके सबसे ज्यादा झुलस रहे हैं। मंगलवार को भड़की इस भीषण हिंसा में भाजपा और तृणमूल कांग्रेस के एक-एक कार्यकर्ता को अपनी जान गंवानी पड़ी है। न्यू टाउन इलाके में भाजपा की एक विजय रैली निकल रही थी, उसी दौरान हुए विवाद में भाजपा कार्यकर्ता की मौत हो गई। वहीं, बीरभूम जिले के नानूर इलाके में टीएमसी कार्यकर्ता अबीर शेख की बेरहमी से हत्या कर दी गई। इसका सीधा आरोप भाजपा के कार्यकर्ताओं पर लगाया गया। इसके अलावा पूरे राज्य में कई जगहों पर विशेष रूप से टीएमसी के दफ्तरों को निशाना बनाया गया है और उनमें जमकर आगजनी की गई है। आसनसोल उत्तर के कोर्ट मोड़ इलाके में टीएमसी पार्षद मौसमी बोस के दफ्तर को देर रात आग के हवाले कर दिया गया। आग इतनी भयंकर थी कि पूरा दफ्तर जलकर खाक हो गया और पास की एक दुकान को भी भारी नुकसान पहुंचा। स्थानीय भाजपा विधायक कृष्णेंदु मुखर्जी ने इसकी सूचना तुरंत पुलिस और फायर ब्रिगेड को देकर आग पर काबू पाया।

### ममता-स्टालिन की हार के बाद सपा का बड़ा फैसला

## I-PAC से तोड़ा नाता, अब खुद संभालेगी चुनाव प्रबंधन

**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** समाजवादी पार्टी ने बंगाल में ममता बनर्जी और तमिलनाडु में एमके स्टालिन की चुनावी हार के बाद चुनाव प्रबंधन कंपनी आई-पैक (I-PAC) से अपना रिश्ता खत्म करने का फैसला लिया है। बताया जा रहा है कि अब पार्टी खुद चुनाव प्रबंधन करेगी। आधिकारिक तौर पर हालांकि, समाजवादी पार्टी की तरफ से I-PAC आईपैक से न तो रिश्ता जोड़ने का कोई बयान आया था। न ही अब जबकि 2027 चुनाव के लिए आईपैक से संबंध टूटे हैं, तो इसका कोई आधिकारिक बयान पार्टी की तरफ से अभी तक आया है, लेकिन पार्टी के सूत्र ये बता रहे हैं कि चुनाव प्रबंधन करने वाली सबसे चर्चित कंपनी I-PAC से अब समाजवादी पार्टी का कोई संबंध नहीं है, या यूं भी कहें कि बंगाल और तमिलनाडु में ममता बनर्जी और स्टालिन का हश्र देखने के बाद अब अखिलेश यादव ने आईपैक से दूरी बनाना ही बेहतर समझा है.

## तमिलनाडु में सियासी भूचाल

### AIADMK में बड़ी टूट के संकेत

तमिलनाडु की राजनीति में एक बड़ा उलटफेर देखने को मिल रहा है। राज्य की प्रमुख विपक्षी पार्टी अन्नाद्रमुक इस समय गहरे आंतरिक संकट और विभाजन के कगार पर खड़ी है। तमिलनाडु की राजनीति में एक बड़ा उलटफेर देखने को मिल रहा है। राज्य की प्रमुख विपक्षी पार्टी अन्नाद्रमुक इस समय गहरे आंतरिक संकट और विभाजन के कगार पर खड़ी है। ताज़ा रिपोर्ट्स के अनुसार, पार्टी के 47 विधायकों में से 30 से अधिक विधायक अभिनेता से नेता बने विजय की पार्टी तमिलगा वेट्री कझगम को समर्थन देने पर विचार कर रहे हैं। अन्नाद्रमुक के भीतर असंतोष उस समय खुलकर सामने आ गया जब विधायकों के एक बड़े गुट ने आलाकमान से मांग की कि राज्य में अगली सरकार बनाने के लिए TVK का समर्थन किया जाए।

महालक्ष्मी प्रॉपर्टीज



मात्र 5 लाख रुपयों में
100 गज का प्लॉट प्राप्त करें।
आसान किस्तों में भी प्लॉट उपलब्ध
सस्ते मकान व सस्ते प्लॉट लेने के लिये सम्पर्क करें-
अंकुर कुमार बिजनौर मो. 9837881234



देश/विदेश से एम.बी.बी.एस. एवं स्टडी वीजा के लिए सम्पर्क करें
• रशिया
• जॉर्जिया
• कजाखस्तान
• किर्गिज़स्तान
• उज्बेकिस्तान
• बांग्लादेश
• नेपाल
• चाईना
• ईरान
• इजिप्ट
• यू.के.
• कनाडा
• यू.एस.ए.
और भी देशों से
अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020
Since 2010
M.B.B.S.
BDS, BAMS, BUMS, BHMS
Abroad Admission & Counselling For India
•Top Govt. Universities.
•MCI, WHO Approved Universities.
•Indian Hostel & Mess Available.
•Lowest Price Packages.
•Boys/Girls Hostels Are Separates Available.
अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें
जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्ड्री, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है
471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुए (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD: MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, OPPOSITE TIRANGA ENTERPRISES, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P.)

बिना ऑप्रेशन/बिना चीर-फाड़
बवासीर PILES
भगन्दर FISTULA
फिशर FISSURE



इस तकनीक द्वारा यह बीमारी भविष्य में कभी नहीं होती



डॉ. सुधांशु चौधरी
MS (Anorectal Surgeon)
(गुदा रोग विशेषज्ञ)
आने से पहले कॉल करें-
प्रत्येक बृहस्पतिवार बिजनौर में एवं प्रत्येक शुक्रवार बास्टा (चांदपुर) में मिलें
Mob.7302127966, 9411226422, 9871884104
सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर
पता - निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बैराज रोड, बिजनौर
पता - श्री साईं अस्पताल बस स्टैण्ड चौराहा बास्टा तह.-चान्दपुर, जिला-बिजनौर

# किसानों, स्मार्ट मीटर व अवैध खनन के विरोध में ज्ञापन दिया

## प्रदूषण के खिलाफ संगठन जल्द चलाएगा व्यापक अभियान

नजीबाबाद (चिंगारी)। भारतीय किसान यूनियन (लोकशक्ति) की तहसील परिसर में मंगलवार को मासिक पंचायत का आयोजन जिलाध्यक्ष चौ. वीर सिंह सहरावत के नेतृत्व में किया गया। पंचायत में किसानों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही स्मार्ट मीटर व क्षेत्र में चल रहे अवैध खनन को लेकर गहरा रोष व्यक्त किया गया। किसानों ने अपनी मांगों को लेकर संबंधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। जिलाध्यक्ष चौ. वीर सिंह सहरावत ने कहा कि जिले में बड़ी फैक्ट्रियों से निकलने वाले दूषित जल व धुएं के कारण लोगों को कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने



सीओ व नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते जिलाध्यक्ष।

कहा कि प्रदूषण के खिलाफ संगठन जल्द ही एक व्यापक अभियान चलाएगा। इसके अलावा स्मार्ट मीटर की व्यवस्था व क्षेत्र में जारी अवैध खनन को भी किसानों की प्रमुख समस्याएं बताते हुए इन मुद्दों पर बड़ा जन आंदोलन करने की चेतावनी दी। इस मौके पर सीओ अंजनी कुमार व नायब तहसीलदार ममता यादव को किसानों की समस्याओं से संबंधित मांग पत्र सौंपा गया। पंचायत में राष्ट्रीय महासचिव चौ. पदम सिंह, डॉ. अरुण कुमार, नरेश कुमार, सरदार जरनैल सिंह, अजयपाल सिंह, विनील चौधरी, अंकित दहिया, सुखवीर सिंह, डॉ. जयप्रकाश सिंह, मुबश्शिर बेग, अकरम अली, भूपेंद्र सिंह, फुरकान अली, शहजाद अली, दयाराम सिंह, शहाबुद्दीन, सामत रजा, विनीत चैधरी, नईम मुंशी, सत्यपाल सिंह, मास्टर मुनेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## भाजपा की बैठक में कार्यकर्ताओं को जरूरी दिशा निर्देश दिये



**किरतपुर ( चिंगारी )।** नगर मंडल किरतपुर की बैठक मंगलवार को सरस्वती शिशु मंदिर में हुई बैठक में मुख्य वक्ता क्षेत्रीय मंत्री अनूप वाल्मीकि ने सभी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक का संचालन नगर महामंत्री ब्रज मोहन ने किया, अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष गौरव पाराशर द्वारा की गई। बैठक में नवनियुक्त जिला सहसंयोजक आईटी विभाग अनुज अग्रवाल को क्षेत्रीय मंत्री ने पटका पहना कर स्वागत किया। बैठक में मुख्य रूप से नगर महामंत्री शिवम सिंघल, नगर उपाध्यक्ष अवनीश राठी, अशोक चौधरी, विकास चौहान, सूरज वाल्मीकि, विकास राजपूत, नगर कोषाध्यक्ष अशोक सैनी, नगर मंत्री रामगोपाल एडवोकेट, नीरू कश्यप, रुक्मणी कश्यप, महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष बिना राणा, मोनिका कालरा, अनुपम अग्रवाल, दीप्ति अग्रवाल,वरिष्ठ भाजपा नेता डॉक्टर बेगराज , सेक्टर संयोजक धर्मपाल राजपूत, डॉ. अमजद, संजीव वर्मा,मोहम्मद अजीम, कैलाश प्रधान, ऋषभ ठाकुर, मोहम्मद इकरार, रुखसाना, मगन सिंह, नदीम अहमद, मोहित कुमार, वेद प्रकाश आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अग्रवाल सभा के स्थापना दिवस पर महिलाओं ने प्रस्तुत किये मनमोहक कार्यक्रम



नजीबाबाद (चिंगारी)। अग्रवाल महिला सभा का अग्रवाल धर्मशाला में स्थापना दिवस महिलाओं ने धूमधाम से मनाया। महिलाओं ने महाराजा अग्रसेन के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर व वंदे मातरम से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अध्यक्ष वर्षा ने कहा कि सभा की वरिष्ठ सदस्या ने 27 साल पहले मेहनत कर जो प्यार व समर्पण का पौधा लगाया था वह आज बड़ा वृक्ष बन गया है। जिसकी छाया में महिला सभा से जुड़ी महिलाएं अपने आपकों सुरक्षित महसूस कर रही है तथा परिवार की तरह एक-दूसरे को सहयोग कर रही है। मीनाक्षी ने महाराज अग्रसेन के विषय में विस्तार से बताया। सुशीला व दीया गोयल ने ऐसा बुढ़ापा आया रे धोखा दे गई जवानी गीत सुनाया। अनुराधा व विनीता गोयल ने भी गीत सुनाए। अर्चना अग्रवाल व रिचा अग्रवाल ने सिलेंडर न मिलने की परेशानी को एक नाटक के रूप में प्रस्तुत किया। रिचा ऐरन ने कृष्णा के गीत पर सुंदर डांस प्रस्तुत किया। शिवानी ने अग्रवाल समाज के विषय में विचार प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में शत प्रतिशत उपस्थिति दर्ज कराने वाली महिलाओं को गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सचिव आरती अग्रवाल ने किया। इस मौके पर रश्मि अग्रवाल, मीनाक्षी अग्रवाल, सुरेखा अग्रवाल, रितु गोयल, सुशीला गोयल, राजरानी मित्तल, विनोद अग्रवाल, सोनल अग्रवाल, मीना अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## चोरों ने कई किसानों के खेतों में लगे टयूबवैलों पर दिया चोरी की घटना को अंजाम

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। मंडावली क्षेत्र के ग्राम फजलपुर मान उर्फ गदाईका के जंगल में क्षेत्र के किसानों के खेत में लगे ट्यूबवैलों से बीती रात चोरों ने केबिल सहित हजारों रूपए का सामान चोरी कर लिया। किसान बुधवार को सुबह जब अपने खेत पर पहुंचे तो देखा उनके ट्यूबवैल से केबिल गायब मिला। सूचना पर थाने के एसएसआई योगेंद्र सिंह ने मौके पर पहुंचकर किसानों से घटना के बारे में जानकारी ली। इरफान के खेत में बनी कोठरी का जब दरवाजा नहीं खुला तो चोरों ने वहां दीवार में कुंबल कर अंदर से ट्यूबवैल का केबिल व स्टार्टर चोरी कर लिया। पास में ही खुर्शीद के ट्यूबवैल का केबिल व विकास कुमार उर्फ बंटी के खेत में बनी कोठरी का दरवाजा तोड़कर अंदर लगे स्टार्टर को तोड़कर तार चोरी कर लिया। किसानों ने बताया कि चोर केबिल को इस तरह से काटते है कि उसमें दोबारा से केबिल नहीं जुड़ सकता। दोबारा से नया केबिल डाला जाता है, जिससे उनको आर्थिक हानि का सामना करना पड़ रहा है। चोरों ने दो दिन पूर्व ग्राम मीरमपुर बेगा में भी 5 किसानों के खेतों से ट्यूबवेल से केबिल चोरी कर लिया था। बीती रात ही मंडावली-गांवड़ी मार्ग पर भी चोरों ने ट्यूबवैल से केबिल चोरी की घटना को अंजाम दिया। इस तरह की घटना से क्षेत्र के किसानों में रोष है। किसानों ने पुलिस से चोरी की घटनाएं रोकने के लिए चोरों को पकड़ने की मांग की है। थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि मीरमपुर बेगा में ट्यूबवैल से चोरी किए गए केबिल के संबंध में अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा लिखा जा चुका है। बीती रात चोरी की घटना के संबंध में अभी कोई तहरीर नहीं आई है। पुलिस के द्वारा घटना स्थल का दौरा किया जा चुका है, पुलिस जांच में जुटी है।


ATHER अब आपके शहर बिजनौर में

इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA)
आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।



आवश्यकता है धामपुर में
शोरूम पर कार्य करने हेतु कुशल
शोरूम मैनेजर व मैकेनिक की।
सम्पर्क करें- मो. 8192801901

Dhruvika Motors LLP

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 246701 Ph- 9240083911

# एक बोतल से हड़कंप! कोल्ड ड्रिंक पीते ही पूरा परिवार बेहोश हुआ

## सुबह तक नहीं खुलीं आंखें, रिश्तेदारों की कॉल से बची जान, चारों सदस्य अस्पताल में भर्ती





कोतवाली देहात ( चिंगारी )। स्थानीय रजा कॉलोनी में एक साधारण सी रात उस समय अचानक डरावनी सुबह में बदल गई, जब एक ही परिवार के चार सदस्य अपने ही घर में बेहोशी की हालत में मिले। वजह बनी एक कोल्ड ड्रिंक की बोतल, जिसने पूरे परिवार की सेहत पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

मोहल्ला निवासी रियाज अहमद अपनी पत्नी शबाना (35 वर्ष), बेटे आदिल (17 वर्ष), बेटी अबुल नाज (10 वर्ष) और छोटे बेटे अली सलामुद्दीन (8 वर्ष) के साथ रहते हैं। रियाज के मुताबिक, बीती रात वह मोहल्ले की एक दुकान से कोल्ड ड्रिंक लेकर आए थे, जिसे पूरे परिवार ने साथ बैठकर पिया। इसके बाद सभी सो गए, लेकिन उन्हें क्या पता था कि यह नींद इतनी खामोश और खतरनाक साबित होगी।

सुबह का सूरज चढ़ आया, लेकिन घर के दरवाजे नहीं खुले। फोन की घंटियां लगातार बजती रहीं, पर किसी ने जवाब नहीं दिया। चिंता में डूबे रिश्तेदारों ने पड़ोसियों को खबर दी। जब पड़ोसी घर पहुंचे तो अंदर का नजारा देख उनके होश उड़ गए। पूरा परिवार बेसुध पड़ा था।

बिना देर किए सभी को एक निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। धीरे-धीरे होश में आने पर रियाज ने रात की पूरी घटना बताई। फिलहाल परिवार खतरे से बाहर बताया जा रहा है, लेकिन इस घटना ने पूरे इलाके में डर और चिंता का माहौल



पैदा कर दिया है।

हालांकि अभी तक दुकानदार के खिलाफ कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई, लेकिन सवाल वही है- क्या एक ठंडी बोतल में छिपा था कोई बड़ा खतरा?

गौरतलब है कि रियाज अहमद मूल रूप से फूलसन्दा के रहने वाले हैं। वर्तमान में वे रजा कॉलोनी में परिवार के साथ रह रहे हैं। घटना के बाद मोहल्ले में सन्नाटा और डर दिखाई दे रहा है।

## कार बिजली के खंभे से टकराई तीन लोगों को गंभीर चोट आई



झालू ( चिंगारी )। झालू-बिजनौर मार्ग पर मंगलवार की शाम को एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से टकरा गई, जिससे कार में सवार तीन युवक घायल हो गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बिजली का खंभा टूटकर सड़क किनारे गिर पड़ा। घटना से अफरा-तफरी मच गई।

जानकारी के अनुसार तीन युवक कार से गोलबाग की ओर से झालू होते हुए बिजनौर की ओर जा रहे थे। जैसे ही कार झालू तिराहे के पास पहुंची, तो कार चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा और कार सीधे सड़क किनारे लगे बिजली के खंभे से जा टकरायी। हादसे में कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के ग्राम हीरापुर नंगली निवासी कार चालक शुभम, उसका दोस्त आकाश तथा ग्राम चौकपुरी निवासी तरुण (26 वर्ष) पुत्र जोगेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए। घटनास्थल पर लोगों की भीड़ लग गई। राहगीरों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को कार से बाहर निकालकर उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। हादसे के कारण कुछ समय के लिए मार्ग पर यातायात भी प्रभावित रहा।

धारा मोटर फ़ाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
- तेज़ और आसान प्रक्रिया
- न्यूनतम दस्तावेज़
- आकर्षक ब्याज दर
- आसान EMI सुविधा
- शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
- सरकारी कर्मचारी
- प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
- नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

Hero
हीरो अब शानदार ऑफर के साथ

1 मई से 31 मई तक
CASH DISCOUNT OFFER

| S.No | Model | Offer Amount (Rs) |
|---|---|---|
| 1 | Mavrick | 50000 |
| 2 | Premium Segment | 5000 |
| 3 | Scooters (Minus Xoom 125, Xoom | 2500 |
| 4 | Xtreme 160R (old) | 10000 |

आवश्यकता है
1.कुशल मैकेनिक 2.सुपरवाइजर 3.सेल्स एग्जीक्यूटिव मेल/फीमेल 4.नेटवर्क मैनेजर
कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

**भली लगे या बुरी...**

## बढ़ती नशे की लत

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने नशे की लत को बीमारी की संज्ञा दी है, जिस पर दवाओं और उचित काउंसलिंग से काबू पाया जा सकता है, परंतु इसके साथ एक तथ्य यह भी जुड़ा है कि उचित देखभाल के बिना इस लत को लंबे समय तक छोड़े रखना संभव नहीं है। चिकित्सकीय तथ्यों के मुताबिक अफीम, चरस, कोकीन जैसे नशे की गिरफ्त में आए लोगों को इससे बाहर निकाल पाना मुश्किल होता है। इन पदार्थों का सेवन मनुष्य के स्नायुतंत्र को बुरी तरह प्रभावित करता है और गंभीर बीमारियों का कारण बनता है। इन्हीं पहलुओं को ध्यान में रखते हुए इन चीजों के उत्पादन, खरीद-बिक्री पर दुनिया भर में कड़े कानूनी प्रावधान हैं, परंतु पीड़ाजनक पहलू यह है कि दूसरे देशों की अपेक्षा भारत में इनकी उपलब्धता आसान है। संयुक्त राष्ट्र के मादक पदार्थ और अपराध विभाग ( यूएनओडीसी ) द्वारा जारी रिपोर्ट में बताया गया है कि वर्तमान में विश्व की कुल जनसंख्या का दस प्रतिशत किसी न किसी रूप में मादक पदार्थों का सेवन करता है। इस संदर्भ में अगर भारत की बात की जाए तो लगभग 10.43 प्रतिशत भारतीय किसी न किसी रूप में मादक पदार्थों का सेवन करते हैं। भारतीय मादक पदार्थों में शराब का प्रयोग सर्वाधिक करते हैं। भारत के तीव्र आर्थिक विकास और वैश्वीकरण ने सामाजिक मान्यताओं को काफी हद तक परिवर्तित कर दिया है और इस परिवर्तन की पराकाष्ठा तो यह है कि कुछ क्षेत्रों में शराब पीना तक स्टेटस सिंबल बन चुका है। इसे वर्किंग क्लास कल्चर का नाम दिया जाने लगा है और इसी सोच का परिणाम है शराब की खपत में लगातार बढ़ोतरी। भारतीय में बदलाव की बयार ने महिलाओं को भी इस लत का शिकार बना दिया है। मदिरापान को आम स्वीकृति मिलने के बाद किशोर और युवा वर्ग द्वारा भी नियमित रूप से शराब का प्रयोग किया जा रहा है। डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट के मुताबिक भारत में उन युवाओं की तादाद बढ़ती जा रही है जो येन-केन- प्रकारेण शराब पीने की शुरुआत करते हैं और फिर इसके आदी हो जाते हैं। कम समय में अधिक से अधिक पाने की चाह ने बड़े पैमाने पर तनाव, अवसाद और चिंता जैसी रुग्णताओं को जन्म दिया है। इनसे मुक्ति पाने का आसान रास्ता युवा पीढ़ी को शराब का सेवन दिखाई देता है, जिससे कुछ पल के लिए ही सही, वे स्वयं को विस्मृत कर देते हैं। शराब एवं अन्य मादक पदार्थों को तनाव दूर भगाने का साधन मानने वालों को इस बात का अंदाज नहीं है कि वे स्वयं मृत्यु के समीप पहुंचने का सहज और सरल मार्ग उपलब्ध करा रहे हैं।

# खेला हो गया और कमल खिल गया

**हजार नाकामियां हों 'नश्तर', हजार गुमराहियां हों लेकिन,**
**तलाशे-मंजिल अगर है दिल से, तो एक दिन लाजिमी मिलेगी।**

खेला होबे। यूं तो यह तृणमूल कांग्रेस का लोकप्रिय नारा था। इसका अर्थ था- कुछ खेल होगा यानि चौकन्ने रहो, लेकिन हुआ ठीक इसका उल्टा भाजपा को वर्ष 2026 के विधानसभा चुनाव में अप्रत्याशित सफलता मिली है। बम्पर जीत, करीब 206 सीट। शायद, भाजपा ने भी इसकी कल्पना नहीं की होगी। भारतीय राजनीति के इतिहास में पहली बार पश्चिम बंगाल में कमल का फूल खिला है। आइए समझते हैं- इसके क्या-क्या कारण रहे होंगे। सबसे पहले यह ममता दीदी की उस राजनीत की हार है, जिसमें बंगाली अस्मिता एक अहम प्रश्न था। 'मां, मिट्टी और मानुष' तृणमूल कांग्रेस का एक ऐसा नारा था, जो सदा भाजपा को एक बाहर की पार्टी घोषित किया करती थी और बंगाली लोगों को एक क्षेत्रीय पहचान से जोड़ने का काम बखूबी किया करती थी। दूसरा, ममता दीदी की राजनीति नकारात्मक और प्रतिक्रियावादी थी। यूं तो ममता दीदी सादगी से जीने वाली एक जमीनी नेता थीं, लेकिन तृणमूल कांग्रेस ने पंद्रह सालों में बंगाल के विकास, सुशासन और नौकरियों में इजाफा के लिये कुछ खास नहीं किया। बंगाल अभी भी पिछड़ा राज्य है। गरीबी में वह बिहार के आसपास है। औद्योगिक विकास भी राज्य का कम है। बस पूरे पंद्रह साल ममता दीदी का समूचा प्रयास मोदी की केंद्र सरकार और केंद्र की अन्य संस्थाओं के विरुद्ध बयानबाजी में बीत गया। उनके पास पश्चिम बंगाल की भौगोलिक, औद्योगिक और सांस्कृतिक स्तर को समझते हुये कोई भविष्य का कार्यक्रम व विजन नहीं था। उनकी सरकार और प्रशासन की क्षमता भी कजोर थी। आरजी कर मेडिकल कॉलेज में छात्रा के साथ हुये बलात्कार की घटना को सरकार और प्रशासन ने बहुत ही खराब तरीके से हैंडल किया था। इसके अलावा एसएससी और शिक्षक भर्ती जैसे कई घोटाले और घपले थे, जिसमें सरकार की छवि आमजन में बहुत खराब हुई। ममता दीदी स्वयं ईमानदार हो सकती हैं, लेकिन उनकी सरकार और प्रशासन की छवि बहुत खराब थी। जमीनी स्तर पर तृणमूल पार्टी के लोगों का व्यवहार भी अशोभनीय था। यही कारण है कि तृणमूल पार्टी के कई कद्दावर नेता चुनाव हार गये।



दूसरी ओर भाजपा की चर्चा करें तो उसका प्रयास सामूहिक था, वैज्ञानिक तरीके से बारीक और शानदार प्रबंधन से भरपूर। मोदी जी की छवि और उनका जादू अभी भी बरकरार है। बहरहाल, उन्होंने जहां एक साधारण से दुकान वाले से झालमूढ़ी खाई। वह वीडियो वायरल हुआ और मोदी जी के प्रयास और प्रभाव से उस समूचे क्षेत्र में भाजपा विजयी हुई। गृहमंत्री पंद्रह दिन तक पं. बंगाल में ही डेरा डाले रहे। उनकी प्रबंधन कला और रणनीति शानदार रहती है। एक-एक सीट में प्रचार और प्रबंध को वो बड़े बारीकी से समझते हैं और उसकी कमियों को फौरन ही दूर करते हैं। सौ साल पुरानी राष्ट्रीय स्वयंसेवक का जनंसपर्क में कोई सानी नहीं है। बड़ी सादगी से वे लोगों से जुड़ते हैं। लोगों को भले ही ज्ञान न हो, लेकिन आरएसएस लोगों से जुड़ना और उस जुड़ाव को बनाये रखने की कला में माहिर है। भाजपा प्रत्याशियों के चयन में मास्टरमाइंड है। पश्चिम बंगाल में भी ऐसा दिखाई दिया। बूथ मैनेजमेंट में भाजपा का कोई सानी नहीं है। कई अलग-अलग राज्यों के मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री, संगठन मंत्री, गृहमंत्री और प्रधानमंत्री की चुनावी रैलियों ने हिंदू वोट के ध्रुवीकरण का माहौल बनाये रखा। हिंदू-मुसलमान नफ़रत समूचे भाजपा के प्रयास का केंद्रीय बिन्दु था। घुसपैठ का मुद्दा भी हावी था। इस समूचे प्रयास को जोड़कर देखा जाये तो भाजपा के पांच से 6 प्रतिशत वोट बढ़ाने में बहुत बड़ा योगदान था, लेकिन क्या एसआईआर का मुद्दा भी महत्वपूर्ण रहा, जिसके कारण तृणमूल का वोट प्रतिशत घटा? इसे भी गहराई से समझने की आवश्यकता है।

यूं तो एसआईआर शुरू से एक विवादित मुद्दा रहा है। बिहार के चुनाव में भी इसे लेकर बहुत ही गहमा-गहमी थी। पश्चिम बंगाल के चुनाव में भी ऐसा देखने को मिला। मामला सर्वोच्च न्यायालय तक भी पहुंच गया। इस एसआईआर का पश्चिम बंगाल के चुनाव पर कितना प्रभाव पड़ा, इसका वैज्ञानिक अध्ययन होना अभी शेष है, लेकिन इस चुनाव में यह देखा गया कि लाखों लोगों का जो वोट कटा है, उसमें से करीब पचास से साठ प्रतिशत मुसलमान वर्ग से था। मुस्लिम वोट तृणमूल का एक परंपरागत वोट हुआ करता है। अगर ये कटे हुये वोट का प्रतिशत किसी क्षेत्र विशेष में भाजपा की जीत के प्रतिशत से अधिक होता है, तो निश्चित ही यह भाजपा के जीत पर एक प्रश्न चिन्ह खड़ा करेगी। यह न्यायधीश बागची की एक टिप्पणी है। इसकी गंभीरता को समझना होगा। इस बार पश्चिम बंगाल के चुनाव में कई मुस्लिम वोटर को तृणमूल के खाते से काटता हुआ पाया गया। निश्चित रूप से इसका लाभ भाजपा को मिला होगा। यही नहीं कांग्रेस और वामपंथियों को जो वोट मिला, वह भी तृणमूल कांग्रेस के वोट को ही काटकर ही मिला होगा। यह वोट प्रतिशत कम होगा, लेकिन निश्चित ही इसका लाभ भाजपा को मिला होगा। दूसरी ओर मुर्शिदाबाद जैसे मुस्लिम इलाकों का शुरूआती संकेत यह है कि भाजपा को मुसलमानों का भी वोट मिला है और कोलकाता के आसपास के क्षेत्र में शिक्षित और मध्यमवर्गों का भी वोट मिला है। इन सभी घटनाओं के साथ-साथ पश्चिम बंगाल के चुनाव में दो और भी पहलूओं को भी देखा जाना चाहिए। पहला पश्चिम बंगाल में रिकार्ड मतदान देखा गया। करीब-करीब 92 प्रतिशत। इस ऐतिहासिक मतगणना का संकेत यह है कि रिकार्ड मतदान भाजपा के पक्ष में गया है। यानि इसे सत्ता विरोधी लहर के रूप में देखा जा सकता है। दूसरा केन्द्रीय बलों की उपस्थिति के कारण बंगाल में राजनीतिक हिंसा कम हुई। इसका अर्थ यह निकाला जा सकता है कि अब तक के चुनावी हिंसा में निश्चित ही तृणमूल कांग्रेस के समर्थकों का उत्पात रहता होगा। केन्द्रीय बलों की उपस्थिति से निश्चित ही पश्चिम बंगाल के मतदाताओं में सुरक्षा का माहौल निर्मित्त हुआ होगा। इन सभी कारणों में किसका कितना प्रभाव पड़ा होगा, यह कहना अभी जल्दीबाजी होगी, लेकिन इन सभी कारणों या कारकों का निश्चित ही भाजपा की जीत में मिला-जुला प्रभाव रहा होगा, लेकिन भाजपा की जीत में तृणमूल की हार को भी याद रखना होगा। परवीन शकीर की पंक्तियां मौजूदा हालात पर सही हैं।

**'कहूं कुछ उनसे मगर ये ख्याल आता है,**
**शिकायतों का नतीजा मलाल होता है।'**



**प्रो. अमित सिंह**
आर.एस.एम. ( पीजी ) कॉलेज, धामपुर

## सिर्फ शास्त्र पढ़ने से या योग करने से अशांति दूर नहीं होती, शांति चाहते हैं तो मानव सेवा करें!

**प्रेरक-प्रसंग**

स्वामी विवेकानंद के पास एक युवक पहुंचा और बोला मैं अनेक साधु-संतों से मिला हूं। कई मंदिरों में गया, कई आश्रमों में भी गया हूं, लेकिन मैं जो चाहता हूं, वह मुझे आज तक मिला नहीं है। विवेकानंद जी ने कहा भाई, तुम चाहते क्या हो? युवक ने कहा, मैं शांति चाहता हूं। शांति पाने के लिए मैंने कई प्रयास किए हैं, लेकिन मैं उतना ही अशांत हूं। क्या आप मुझे कोई समाधान बता सकते हैं? विवेकानंद जी ने कहा तुम ये बताओ, अब तक तुमने कौन-कौन से प्रयास किए हैं? युवक बोला मैंने एक महात्मा जी का सत्संग सुना तो उससे हनुमान जी के प्रति मेरी आस्था जाग गई। अब मैं हनुमान जी की साधना करता हूं। उसके बाद मन को शून्य करने के लिए ध्यान-योग करता हूं। फिर मैंने एक संत से सुना कि शास्त्रों का अध्ययन करना चाहिए तो मैं एक एकांत कमरे में बड़े-बड़े शास्त्र पढ़ता हूं। पढ़ते समय मैं किसी से मिलता नहीं हूं। अपने आप को बहुत गहरे अध्ययन में मैं डूबो चुका हूं, लेकिन शांति नहीं मिली। विवेकानंद जी बोले सबसे पहले एक काम करो, तुम्हारे घर में जो एकांत कमरा है, जिसमें बैठकर तुम शास्त्रों का अध्ययन करते हो, योग-ध्यान करते हो, उसके सारे दरवाजे खोल दो, उसके बाद अपने घर के दरवाजे खोल दो।

# मई के पहले पखवारे में यूपी कैबिनेट में हो सकता है बड़ा बदलाव

## उम्रदराज मंत्रियों की कुर्सी खतरे में

देवराज सिंह

यूपी: पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में प्रचंड बहुमत हासिल करने के बाद भारतीय जनता पार्टी अब पूरी तरह से उत्तर प्रदेश की राजनीति पर फोकस कर रही है। वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए पार्टी ने प्रदेश में दो बड़े लंबित काम मंत्रिमंडल विस्तार और संगठन में बदलाव को जल्द पूरा करने की रणनीति बना ली है। सूत्रों के अनुसार, पश्चिम बंगाल में सरकार गठन की प्रक्रिया पूरी होते ही उत्तर प्रदेश में इन दोनों अहम फैसलों को अमल में लाया जाएगा।

संभावना जताई जा रही है कि 15 मई से पहले प्रदेश मंत्रिमंडल का विस्तार किया जा सकता है, जबकि 15 मई के बाद तक संगठन के नये प्रदेश और क्षेत्रीय पदाधिकारियों की सूची भी जारी हो सकती है। इस बार के मंत्रिमंडल विस्तार की खास बात यह हो सकती है कि कुछ वरिष्ठ और उम्रदराज मंत्रियों की जगह नये और युवा चेहरों को मौका दिया जाएगा। पार्टी नेतृत्व का मानना है कि युवा नेतृत्व को आगे लाकर चुनावी समीकरण को और मजबूत किया जा सकता है।



पार्टी के विश्वसनीय सूत्रों का कहना है कि 15 मई तक मंत्रिमंडल विस्तार और संगठन में बदलाव दोनों ही कार्यों को पूरा करने का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में लखनऊ से लेकर दिल्ली तक कई दौर की बैठकों और मंथन के बाद रणनीति को अंतिम रूप दिया गया है। मंत्रिमंडल विस्तार पूरी तरह से आगामी चुनावों को ध्यान में रखकर किया जाएगा, जिसमें जातीय समीकरण को साधने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

दरअसल, पार्टी नेतृत्व इन दिनों अन्य राज्यों में भी व्यस्त है। 7 मई को बिहार में नये मंत्रिमंडल का विस्तार, 8 मई को असम और 9 मई को पश्चिम बंगाल में सरकार गठन की प्रक्रिया के चलते शीर्ष नेतृत्व व्यस्त रहेगा। इसी कारण यूपी से जुड़े फैसले इन कार्यक्रमों के बाद लिए जाने की संभावना है।

अप्रैल महीने में मंत्रिमंडल विस्तार और संगठनात्मक बदलाव को लेकर लखनऊ और दिल्ली में कई महत्वपूर्ण बैठकों का दौर चला। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ-साथ पार्टी के केंद्रीय नेताओं ने भी इस पर गहन चर्चा की। 12 और 13 अप्रैल को राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े ने लखनऊ में रहकर पूर्व प्रदेश अध्यक्षों और मंत्रियों से फीडबैक लिया था, जिसके आधार पर आगे की रणनीति तैयार की गई।

सूत्रों के अनुसार, मंत्रिमंडल विस्तार में खाली पदों को भरने के साथ ही कुछ मौजूदा मंत्रियों के प्रदर्शन के आधार पर बदलाव भी किया जा सकता है। साथ ही, कुछ मंत्रियों को संगठन में जिम्मेदारी देने पर भी विचार हुआ है। एक दर्जन से अधिक संभावित नामों पर चर्चा हुई है, हालांकि अंतिम निर्णय अभी बाकी है। जातीय संतुलन को साधने के लिए ओबीसी और दलित वर्ग को प्राथमिकता दी जाएगी, जबकि ब्राह्मण और क्षत्रिय समुदाय से भी एक-दो चेहरों को मौका मिल सकता है। इसके अलावा, सहयोगी दलों, अपना दल, सुभासपा और निषाद पार्टी को भी मंत्रिमंडल में प्रतिनिधित्व दिया जा सकता है। इन दलों के मंत्री पद के लिए चेहरों का चयन संबंधित दलों के प्रमुख करेंगे। इस बार महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर भी जोर दिया जा रहा है। विशेष रूप से दलित और ओबीसी वर्ग की महिला विधायकों को मंत्रिमंडल में शामिल किया जा सकता है। तीन से चार महिला विधायकों के नामों पर गंभीरता से विचार किया गया है। साथ ही, कुछ मंत्रियों के विभागों में फेरबदल और कुछ राज्यमंत्रियों को पदोन्नति देने की भी संभावना है।

## मिर्जापुर में लोक-परलोक सुधार आध्यात्मिक सत्संग का आयोजन

### 151 महिलाओं ने गांव से निकाली भव्य कलश यात्रा

**शेरकोट ( चिंगारी )।** क्षेत्र के ग्राम मिर्जापुर में विगत वर्षों की भांति मंगलवार को विधिवत ढंग से लोक परलोक सुधार आध्यात्मिक सत्संग का आयोजन किया गया। सत्संग से पूर्व परम पूज्य संजय शास्त्री के गांव में पहुंचने पर उनके अनुयाइओं द्वारा भव्य स्वागत करने के बाद 151 महिलाओं ने धूमधाम व बाजे गाजे के साथ गांव में कलश यात्रा निकाली गई,जो सत्संग स्थल से शुरू होकर विभिन्न रास्तों से होकर पुन: सत्संग स्थल पहुंचकर सम्पन्न हो गई। मंच से अमृत वाणी की वर्षा कर महाराज संजय शास्त्री जी ने -**तन डाटे मन वश करे, साधे सकल शरीर।**

**दसो इन्द्रिया वश में, ताको नाम फकीर।।**



दोहे से सत्संग का शुभारम्भ किया। उन्होंने सच्चे गुरू की पहचान बताते हुए कहा कि सच्चा गुरू वही है जो अपने तन-मन को वश में कर ले। उन्होंने सद्गुरु होने के 5 नियम बताते हुए कहा कि सच्चा गुरु वो है जो दान या चढ़ावा नहीं लेता हो, जो लंका रूपी आश्रम बनाकर नहीं रहता हो, जो किसी पुस्तक या ग्रंथ का सहारा न लेता हो, जो अपने भक्तों या शिष्यों के घर-घर जाकर पदार्पण करता हो, और उनके परिवार की कुशल क्षेम पूछता हो और जो ग्रहस्थ जीवन से विरक्त रहता हो। महाराज जी ने कहा कि सच्चा गुरु मन क्रम वचन से एक है और ऊंच-नीच गरीब का भेदभाव नहीं करते, अपितु सभी को बराबर का प्रेम करते हैं। उन्होंने अपने अनुयाइओं से कहा कि जो व्यक्ति गुरु के नाम पर लोगों को भ्रमित कर दान के रूप में मोटी रकम लेकर तथा लंका रूपी आश्रम बनाकर अपने निजी स्वार्थ पूर्ति के लिए जनता को ठगते हैं और उल्टी-सीधी बातें बताकर गुमराह करते हैं। ऐसे कलयुगी गुरूओं से सावधान रहें। उन्होंने कहा कि बिना गुरू ज्ञान के जीवन सफल नहीं हो सकता। उन्होंने लोगों से गुरू द्वारा बताए गए सत्य मार्ग पर चलकर नि:स्वार्थ भाव से समाज की सेवा करने की अपील की। कार्यक्रम में प्रेम सिंह बाबू, डॉक्टर सुरेश कुमार, मुनीम जी, जयवीर त्यागी, देवेन्द्र त्यागी, नवनीत त्यागी, नरेश चौहान, राज कुमार, परम सिंह चौहान, नरेन्द्र सिंह, डालचन्द चौहान आदि का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन मास्टर त्रिलोक चन्द ने किया और सुरेन्द्र कुमार बगवाड़ा, विमला देवी, खजान सिंह जैतरा आदि ने भी अपनी अमृतवाणी से वाहवाही लूटी। इस दौरान गुरु जी ने सबको सुख समृद्धि का आशीर्वाद दिया।

## पश्चिम बंगाल में कार्यकर्ताओं के कई दशकों के संघर्ष के बाद बनी सरकार- राठौर

**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** देश के पांच राज्यों में सम्पन्न हुए विधानसभा चुनावों में यूं तो भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने तीन राज्यों में जीत हासिल की है, लेकिन सबसे अधिक चर्चा पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में मिली जीत को लेकर हो रही है। भाजपा के नेता इस जीत को सबसे खास मान रहे हैं। उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री जेपीएस राठौर भी कई महीनों तक पश्चिम बंगाल में जमे रहे। उन्होंने इस जीत को सबसे अलग रखते हुए कहा कि पिछले कई दशकों की मेहनत के बाद भाजपा यह किला ढहाने में कामयाब हुई है, इसलिए यह जीत वाकई में भाजपा के लिए खास है।

आने वाले दिनों में भाजपा वहां बदले की भावना की बजाए बदलाव लाने के लिए पूरी ईमानदारी और मेहनत से काम करेगी। जेपीएस राठौर ने बातचीत में कहा कि बंगाल चुनाव में जनता के बीच जो अंडरकरेंट था वो ममता दीदी पहचान नहीं पाईं। जनता के मन में इतना गुस्सा था कि वह हर हाल में बदलाव चाहती थी। बंगाल में गैर मुस्लिम समुदाय ने पूरी तरह से इंटैक्ट होकर भाजपा के लिए वोट किया, जिसकी वजह से इतनी बड़ी जीत मिली है। दरअसल, माइक्रो-मैनेजमेंट के विशेषज्ञ माने जाने वाले राठौर ने कई महत्वपूर्ण विधानसभा सीटों पर चुनावी गणित को भाजपा के पक्ष में मोड़ने का काम किया। भाजपा ने यूपी से पश्चिम बंगाल में चार मंत्रियों और एक पूर्व मंत्री को अक्टूबर से हो चुनावी रण में उत्तर दिया था। पार्टी ने चुनावी नजरिए से पश्चिमी बंगाल को पांच क्षेत्रों में बांटा था, जिसमें तीन का जिम्मा सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर, पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा और उत्तराखंड के शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत को दिया गया था। इनमें से यूपी में चुनावी वार रूम संभालने वाले सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर को 35 विधानसभा क्षेत्रों की जिम्मेदारी दी गई थी। इन 35 विधानसभाओं में से 33 सीटों पर भाजपा को विजय मिली है। बंगाल चुनाव में भाजपा की रणनीति को लेकर पूछे गए एक सवाल के जवाब में श्री राठौर ने कहा कि अब तक का ये परसेप्शन था कि लोग भाजपा को शहरी क्षेत्रों की पार्टी मानकर चलते थे लेकिन बंगाल में ठीक इसके उल्टा हुआ।

## पंजाब में फिर धमाका : जालंधर के बाद अमृतसर में आर्मी कैंप के बाहर ब्लास्ट

**अमृतसर ( एजेंसी/चिंगारी )।** जालंधर के बाद अब अमृतसर में खासा कैंप के पास स्थित आर्मी कैंप के बाहर मंगलवार देर रात जोरदार धमाका हुआ। धमाके की आवाज इतनी तेज थी कि आसपास के इलाके में अफरा-तफरी मच गई और लोग घरों से बाहर निकल आए। जानकारी के अनुसार, धमाका रात करीब 11 बजे के बाद हुआ। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और आर्मी की टीमें तुरंत मौके पर पहुंच गईं और पूरे इलाके को घेरकर सुरक्षा कड़ी कर दी गई। साथ ही फोरेंसिक टीम और डॉग स्क्वॉयड को भी जांच के लिए बुलाया गया है। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि धमाके से आर्मी कैंप की बाहरी दीवार पर लगी टीन की चादरों को नुकसान पहुंचा है। फिलहाल किसी के घायल होने या जानमाल के नुकसान की पुष्टि नहीं हुई है। वहीं मामले की जांच के लिए एनआईए की टीम अमृतसर पहुंच गयी। अधिकारियों के अनुसार पूरे क्षेत्र में पुलिस और सेना की भारी तैनाती कर दी गई है। अमृतसर देहाती के एसपी आदित्य वारियर ने बताया कि सूचना मिलते ही तुरंत कार्रवाई की गई और जांच जारी है। उन्होंने कहा कि फोरेंसिक टीमें सबूत जुटा रही हैं और जांच पूरी होने के बाद ही घटना के सही कारणों का खुलासा किया जाएगा। खासा छावनी में धमाके पर कांग्रेस नेता राज कुमार वेरका ने कहा कि यह सब इसलिए हो रहा है, क्योंकि राज्य में चुनाव होने वाले हैं। यह इलाका केंद्र सरकार के अधीन आता है। न तो केंद्र सरकार और न ही राज्य सरकार यहां की स्थिति को नियंत्रित कर पा रही है। मुझे लगता है कि पंजाब में चुनावों में धांधली करने की कोई साजिश रची जा रही है।

# एसएससी की परीक्षा में नकल कराने वाले गिरोह का सरगना गिरफ्तार

## दो सदस्य पहले ही आ चुके हैं हाथ

देहरादून (चिंगारी)। उत्तराखंड एसटीएफ (स्पेशल टास्क फोर्स) को उस समय बड़ी कामयाबी मिली जब उसने 13 फरवरी 2026 को आयोजित एसएससी (स्टाफ सिलेक्शन कमीशन) की परीक्षा में नकल कराने वाले गिरोह के मुख्य सरगना को गिरफ्तार किया।




परीक्षा में नकल करा रहे गिरोह के दो सदस्यों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। उत्तराखंड एसटीएफ ने जानकारी देते हुए बताया कि 13 फरवरी को सेन्टर में मल्टीटास्किंग (नॉन टैक्निकल) स्टाफ और हवलदार ऑनलाइन परीक्षा आयोजित की जा रही थी, जिसमें एसटीएफ देहरादून को परीक्षा केंद्र में अनुचित रिमोट एक्सेस संसाधनों का उपयोग कर परीक्षा में नकल कराए जाने के संबंध में गोपनीय सूचना भी मिली थी। इसके बाद पुलिस ने परीक्षा लैब के पास बने यूपीएस रूम में छापा मारा तो वहां अंदर ग्राउंड चैंबर तैयार करके रिमोट एक्सेस के जरिए अभ्यार्थियों को नकल कराने का प्रयास किया जा रहा था।

पुलिस ने मौके पर लैब और एक्सेस पार्ट को सील करते हुए आरोपी नितिश कुमार और भास्कर नैथानी को गिरफ्तार किया था। इसके बाद 14 फरवरी को कोतवाली नगर में मुकदमा दर्ज किया गया था। मुकदमे की संवेदनशीलता को देखते हुए मामले की जांच उत्तराखंड एसटीएफ को दी गई थी। एसटीएफ की टीम ने परीक्षा में नकल कराने वाले गिरोह का मुख्य सरगना शुभम भटनागर निवासी विजयनगर थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर को सहारनपुर से गिरफ्तार कर लिया। उत्तराखंड एसएसपी एसटीएफ अजय सिंह ने बताया कि घटना के बाद से ही शुभम भटनागर फरार हो गया था। एसटीएफ टीम ने फरार आरोपी शुभम भटनागर को सहारनपुर से गिरफ्तार कर लिया।

# पुलिया निर्माण के चलते 7 दिन मार्ग रहेगा बंद

**धामपुर (चिंगारी)**। नगर पालिका परिषद धामपुर द्वारा ईकड़ा नदी की पुलिया पर निर्माण कार्य शुरू कराया गया है। शीला टॉकीज व स्योहारा चुंगी वाले मार्ग के बीच में पड़ने वाली पुलिया के निर्माण कार्य के चलते आज से 7 दिनों तक यह मार्ग अवरुद्ध रहेगा। नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष रवि कुमार सिंह व ईओ रवि शंकर शुक्ला ने कहा कि मछली बाजार व स्योहारा चुंगी से होकर शीला टॉकीज की ओर जाने वाले लोग इस मार्ग का प्रयोग ना करके वैकल्पिक मार्ग के रूप में न्यू स्टेट बैंक कॉलोनी व सेंट मैरी रोड की ओर जाने वाले मार्ग का प्रयोग कर सकते हैं, जिससे उन्हें परेशानी ना हो। उन्होंने बताया कि पुलिया निर्माण से जल भराव व अन्य समस्याओं का जल्द समाधान होगा।

# खेत में शव पड़ा मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मचा

**धामपुर ( चिंगारी )**। धामपुर थाना क्षेत्र के ग्राम अमखेड़ा में मधी मार्ग पर खेत में एक व्यक्ति का शव पड़ा मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान ग्राम अमखेड़ा निवासी जयपाल उर्फ मोनू के रूप में हुई। घटनास्थल का पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय कुमार पांडे व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार सिंह ने निरीक्षण किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए पुलिस क्षेत्राधिकारी।

जानकारी के अनुसार ग्राम परमावाला निवासी जयप्रकाश उर्फ मोनू (45 वर्ष)पुत्र लीलापत अपने गांव की जगह बेचकर अपने भाई के साढू स्व. सोमपाल के पुत्र सुदामा के घर पर रह रहा था आज प्रातः वह खेत पर गया था जहां संदिग्ध परिस्थितियों में उसकी मौत हो गई। सुबह खेत पर जा रहे लोगों ने जब शव पड़ा हुआ देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दी। घटना की सूचना पाकर प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया। मृतक जयप्रकाश अविवाहित था। घटना को लेकर गांव में तरह-तरह की चर्चाएं हैं। मृतक के भाई अशोक कुमार ने हत्या की आशंका जताते हुए सुदामा के परिजनों पर गंभीर आरोप लगाये हैं।

# सपा कार्यकर्ता घर-घर जायें, पार्टी की नीतियां बतायें

## महमूद हसन कस्सार के आवास पर पहुंचे हनी फैसल

**धामपुर (चिंगारी)**। समाजवादी पार्टी के नवमनोनीत युवा जिला अध्यक्ष हनी फैसल सपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष एवं पूर्व पालिकाध्यक्ष महमूद हसन कस्सार के स्टेशन मार्ग स्थित आवास पर पहुंचे। इस अवसर पर



पूर्व सपा जिला उपाध्यक्ष महमूद हसन कस्सार,पूर्व सपा नगर अध्यक्ष नासिर अंसारी, मेहराज अंसारी, हाजी निसार नेता, नसीम कस्सार, लईक सलमानी, इरफान, साजिद कस्सार, सपा युवजन सभा के नगर अध्यक्ष राजा कस्सार आदि ने माल्यार्पण करके उनका स्वागत किया। युवा सपा जिला अध्यक्ष हनी फैसल ने कहा कि कार्यकर्ता एकजुट होकर भाजपा की जन विरोधी सरकार की नीतियों के बारे में जनता को बताएं और सपा की रीति और नीति के बारे में जनता को अवगत कराते हुए 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी में जीजान से जुट जाएं। उन्होंने कहा कि सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ही प्रदेश में भाईचारा कायम रखकर विकास करा सकते हैं इसलिए हमें उनके हाथों को मजबूत करना है।

# संकट में फंसे रोगियों के लिए संजीवनी का काम कर रही 'हेम्स'

## 144 लोगों के लिए संकटमोचक बन चुकी है यह सेवा

**राजेश शर्मा**

**ऋषिकेश ( चिंगारी )**। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ऋषिकेश द्वारा संचालित हेली इमरजेन्सी मेडिकल सर्विस से अब तक सैकड़ों लोगों का जीवन बचाया जा चुका है। इस सेवा से न केवल दूर दराज के क्षेत्रों में दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति को गोल्डन ऑवर के दौरान एम्स पंहुचाने में मदद मिल रही है अपितु आपात स्थिति वाले गंभीर रोगी को भी त्वरित स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल रहा है। पिछले एक वर्ष के दौरान ही इस सेवा के माध्यम से आपात स्थिति वाले 81 लोगों को अस्पताल पहुंचाकर समय रहते उनका इलाज उपलब्ध करवाया जा चुका है।




हेली एम्बलेंस पायलट प्रोजेक्ट के तहत 29 अक्टूबर 2024 को एम्स ऋषिकेश में हेली एम्बुलेंस मेडिकल सेवा शुरू हुई थी। केन्द्र और राज्य सरकार की साझेदारी में संचालित होने वाली देश की यह पहली एयर एंबुलेंस सेवा सुदूरवर्ती पहाड़ी क्षेत्रों में फंसे व्यक्ति और स्वास्थ्य कारणों से संकट में फंसे रोगियों के लिए किसी संजीवनी से कम नहीं आंकी जा सकती। इससे प्रदेश के किसी भी इलाके से गंभीर घायल अथवा संकटग्रस्त रोगी को कुछ ही समय के भीतर एम्स पंहुचाये जाने की सुविधा है। 'हेम्स' स्वास्थ्य सुविधा अब तक 144 लोगों के लिए संकट मोचक साबित हो चुकी है।

### निर्बाध रूप से जारी है 'हेम्स' सेवा

**पिछले वर्ष 17 मई 2025 को केदारनाथ में लैंडिंग करते समय 'संजीवनी' के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने के बावजूद हेली सेवा के माध्यम से आपात स्थिति वाले रोगियों को एम्स पंहुचाये जाने का क्रम लगातार जारी है। संस्थान में 'हेम्स' के नोडल अधिकारी डॉ. मधुर उनियाल ने बताया कि संस्थान द्वारा इसके लिए टोल फ्री नंबर- 18001804278 और व्हाट्सएप नंबर 9084670331 जारी किया गया है। इन नंबरों पर संपर्क कर हेम्स सर्विस के लिए मदद ली जा सकती है।**

### ट्रामा के 64 रोगियों सहित 28 महिलाओं को मिल चुका लाभ

**हेली इमरजेन्सी मेडिकल सर्विस ( हेम्स ) सेवा की बदौलत 29 अक्टूबर 2024 से 17 मई 2025 तक इलाज हेतु कुल 63 गंभीर लोगों को एम्स पंहुचाया गया। इनमें ट्रॉमा के 27, स्त्री व प्रसूति रोग संबंधी मामलों के 17, हृदय व मेडिसिन के 17 और नवजात शिशुओं के 2 मामलों के रोगी शामिल हैं। जबकि केदारनाथ में 'संजीवनी' क्रैश हो जाने के बाद राज्य सरकार द्वारा प्रदान की जा रही हेली सर्विस की मदद से 18 मई 2025 से 25 अप्रैल 2026 तक 81 लोगों को इस सेवा का लाभ मिला है। इनमें ट्रॉमा के 37, स्त्री व प्रसूति रोग के 11, मेडिसिन के 27 और बालरोग के 6 मामले शामिल हैं।**

# बिजनौर में 7 से 21 मई तक चलेगा स्व:गणना अभियान

**बिजनौर (चिंगारी)।** जनगणना 2027 के तहत स्व:गणना (Self Enumeration) अभियान की तैयारियों को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) वान्या सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रभारी जनगणना अधिकारी जेपी यादव सहित सभी चार्ज अधिकारी और जनपद स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान 7 मई से 21 मई 2026 तक संचालित होने वाले स्व:गणना अभियान को सफल बनाने के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए।

एडीएम वान्या सिंह ने स्व:गणना की महत्ता पर जोर देते हुए बताया कि नागरिक se.census.gov.in पोर्टल पर जाकर स्वयं अपने परिवार का विवरण दर्ज कर सकते हैं। प्रक्रिया के तहत मोबाइल आधारित ओटीपी से पंजीकरण, लॉगिन कर परिवार की जानकारी, आवासीय विवरण और परिसंपत्तियों का ब्योरा भरने के बाद अंतिम सबमिट कर Self Enumeration ID प्राप्त की जाएगी। जरूरत पड़ने पर कॉमन सर्विस सेंटर और हेल्प डेस्क से भी सहायता ली जा सकेगी। बैठक में अभियान के लिए दिनवार



कार्यक्रम भी जारी किया गया। 7 मई को राजस्व एवं प्रशासन दिवस, 8 मई को स्थानीय निकाय/ ग्रामीण विकास/कृषि दिवस, 9 मई को युवा एवं खेल/मीडिया दिवस और 10 मई को प्रतिष्ठित व्यक्तित्व/आवासीय समूह दिवस मनाया जाएगा। इसी क्रम में 11 मई को न्यायिक दिवस, 12 मई को वर्दीधारी बल दिवस, 13 मई को केंद्रीय कार्यालय दिवस तथा 14 मई को शिक्षा दिवस के रूप में विभिन्न विभागों और संस्थानों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

आगे 15 मई को स्वास्थ्य दिवस, 16 मई को उद्योग एवं परिवहन दिवस, 17 मई को महिला एवं स्वयं सहायता समूह दिवस, 18 मई को डिजिटल सहायता दिवस, 19 मई को वर्क फ्रॉम होम दिवस और 20 मई को प्राइड दिवस के तहत विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों के माध्यम से विभिन्न वर्गों को स्व:गणना के लिए प्रेरित किया जाएगा।

एडीएम ने सभी विभागीय अधिकारियों को अपने-अपने स्तर पर नोडल अधिकारी नामित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि प्रत्येक दिवस के कार्यक्रम की जिम्मेदारी संबंधित विभाग की होगी और अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए सोशल मीडिया, व्हाट्सएप व अन्य स्थानीय माध्यमों का उपयोग किया जाएगा। उन्होंने सभी अधिकारियों से आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए स्व-गणना अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया, ताकि जनपद बिजनौर में जनगणना 2027 की प्रक्रिया को प्रभावी और सुचारू रूप से संपन्न कराया जा सके।

# जिले में अपराधों पर नियंत्रण के लिये एसपी हुये सख्त

**बिजनौर (चिंगारी)।** जनपद में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने और अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने समस्त राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों व शाखा प्रभारियों के साथ मासिक अपराध गोष्ठी आयोजित की। बैठक में जिले की वर्तमान अपराध स्थिति की गहन समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सतर्कता और सक्रियता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए। एसपी अभिषेक झा ने आगामी त्यौहारों के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि सभी संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए और किसी भी प्रकार की अवांछित गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई की जाए। साथ ही, त्यौहारों के दौरान शांति और सौहार्द बनाए रखने के लिए स्थानीय स्तर पर पुलिस की सक्रिय भागीदारी जरूरी बताई। बैठक में लंबित



मामलों के शीघ्र निस्तारण, वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी, गश्त बढ़ाने और रात्रि चैकिंग को प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया। एसपी ने स्पष्ट निर्देश दिये कि अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाए और आम जनता में सुरक्षा का विश्वास कायम किया जाए। इसके अलावा, सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों पर निगरानी रखने और साइबर अपराधों पर सख्ती से अंकुश लगाने के भी निर्देश दिए गए। थाना प्रभारियों को जनता से संवाद बढ़ाने, शिकायतों का त्वरित निस्तारण करने और पुलिस की छवि को और बेहतर बनाने के लिए प्रेरित किया गया। अंत में एसपी ने सभी अधिकारियों को कर्तव्यनिष्ठा, पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ कार्य करने का आह्वान करते हुए कहा कि जनपद में शांति व्यवस्था बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# राख से झुलसे बच्चे, मेरठ में नहीं हुए अच्छे

## परिजन घर वापस लाये, सपाइयों ने दिया मदद का आश्वासन

**बिजनौर (चिंगारी)।** शुगर मिल की राख से झुलसे चार बच्चों को परिजन मेरठ मेडिकल कॉलेज से वापस बिजनौर जिला अस्पताल लेकर आ गए हैं। परिजनों ने मेरठ में इलाज में लापरवाही और अधिक खर्च होने का आरोप लगाते हुए बेहतर उपचार की मांग की है। सूचना पर सपा नेताओं ने जिला अस्पताल पहुंचकर बच्चों के परिजनों से जानकारी ली और मदद का आश्वासन दिया। गौरतलब हो कि चार दिन पूर्व गांव जोधूवाला के जंगल में आम इकट्ठा करने गए चार बच्चे गर्म राख में फंसकर बुरी तरह झुलस गए थे। बच्चों की चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीणों ने उन्हें बचाया था। जिला अस्पताल से बच्चों को मेरठ मेडिकल कालेज रैफर कर दिया गया था। मंगलवार को परिजन बच्चों को मेरठ से वापस जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। उनका कहना है कि वहां इलाज संतोषजनक नहीं था और खर्च भी काफी अधिक हो रहा था, जिसके चलते उन्होंने बच्चों को बिजनौर में ही भर्ती कराया। जानकारी मिलने पर सपा जिलाध्यक्ष हनी फैसल, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ. रमेश तोमर, दीपक सैनी, पप्पू अखलाक, दिलशाद अंसारी, महमूद कस्सार आदि सपा नेता जिला अस्पताल पहुंचे और परिजनों को मदद का आश्वासन दिया। पीड़ित परिवारों ने प्रशासन से तत्काल मुआवजा देने और बच्चों के समुचित इलाज की व्यवस्था करने की मांग की है। उनका कहना है कि बच्चों की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है।

# नीम के पेड़ गायब, दातुन के लिए भी नहीं मिलती टहनी

ए.के. विश्वकर्मा

**अम्हेड़ा (चिंगारी)।** गांव में कभी हर गली-मोहल्ले में नीम के पेड़ों की भरमार होती थी, लेकिन बढ़ती आबादी, अंधाधुंध कटान, मकान को एक-दूसरे से बड़ा दिखाने की होड़ आदि के चलते अब नीम के पेड़ों की संख्या में निरंतर कमी होती जा रही है। पहले गांव में कई नीम के पेड़ थे और पहले तो लोग नीम के पेड़ों के नीचे दातुन करते भी नजर आते थे, लेकिन अब नीम के पेड़ों की संख्या नाम मात्र की रह गई है। वैसे बजारीकरण के चलते सब लोग टूथपेस्ट या रेडीमेड मंजन का ही उपयोग करते हैं, लेकिन कभी कभार किसी का मन नीम की दातुन करने का हो भी तो खोजने पर भी नीम का पेड़ नज़र नहीं आता।

**नीम केवल पेड़ नहीं, औषधि का खजाना है**

नीम की दातून से दांत मजबूत होते हैं और दांतों की दुर्गंध व बैक्टीरिया खत्म होते हैं। नीम की पत्तियां, छाल व फल से कई त्वचा रोग, दाद- खाज, खुजली, एक्जिमा आदि दूर होते हैं। नीम का पेड़ हवा को शुद्ध करता है। गर्मियों में नीम की छांव बहुत राहत देती है और तापमान को संतुलित करती है। नीम से बहुत सारी दवाइयां भी बनाई जाती हैं।

**नीम, पीपल जैसे पेड़ों को लगाना होगा**

पंडित सुभाष त्यागी, सोधीराम सैनी, वरुण प्रताप सिंह हनी, प्रधान मो.इरशाद, आलोक त्यागी, रूपचंद सिंह, डॉक्टर राशिब हुसैन, प्रताप सिंह, शमीम अहमद आदि का कहना है की नीम के पेड़ों की घटती संख्या एक गंभीर समस्या है। आज सभी को जागरुक होकर पेड़ लगाने चाहिए और नीम और पीपल के पेड़ों का विशेष ध्यान रखना होगा।

# करके फ़र्ज़ी दस्तावेज तैयार, पत्नी के नाम से खरीद ली कार

**बिजनौर (चिंगारी)।** दिल्ली निवासी एक महिला ने उसके नाम पर फर्जी दस्तावेज तैयार कर कार खरीदने और पंजीकरण कराने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता ने पति समेत तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी और साजिश का मामला दर्ज कराकर कार्रवाई की मांग की है। नई दिल्ली के बटला हाउस जामिया नगर ओखला निवासी पीड़िता रुखसार पुत्री इजहार का आरोप है कि उसके पति फरहान व उसके भाई सलीम पुत्रगण जहीर अहमद निवासी विदुर कुटी रोड बिजनौर तथा अलका यादव पुत्री अशोक यादव निवासी अलवर राजस्थान जालसाज हैं। फरहान व अलका यादव के अनैतिक संबंध हैं। आरोपियों ने हमसाज होकर उसके नाम का दुरुपयोग किया। आरोप है कि उसके फोटो और आधार कार्ड का इस्तेमाल कर फर्जी हस्ताक्षर किए गए और महिंद्रा कंपनी से स्कॉर्पियो-एन कार खरीद ली गई।

पीड़िता के अनुसार जिस समय कार की डिलीवरी 30 जून 25 ली गई, वह दिल्ली में नहीं थी, बल्कि परिवार के साथ मुंबई गई हुई थी। उसने स्पष्ट किया कि वह न तो फरीदाबाद गई और न ही किसी आरटीओ कार्यालय में उपस्थित हुई। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर पति फरहान उसकी प्रेमिका सहित तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह का कहना है कि पीड़िता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## एआरटीओ कार्यालय में किया फर्जीवाड़ा

पीड़िता का आरोप है कि आरोपियों ने एआरटीओ कार्यालय में खुद को रुखसार बताकर कूटरचित दस्तावेज और शपथ पत्र जमा किए और वाहन का पंजीकरण भी करा लिया। पीड़िता का कहना है कि उसने किसी भी दस्तावेज पर हस्ताक्षर नहीं किए।

## दस्तावेजों का दुरुपयोग

पीड़िता का आरोप है कि पहले उसे बैंक ले जाकर दबाव में लोन फाइल और खाली चेक पर हस्ताक्षर कराए गए थे। बाद में उन्हीं दस्तावेजों का इस्तेमाल कार खरीदने में किया गया। पीड़िता ने आशंका जताई है कि उसके नाम पर खरीदी गई कार का इस्तेमाल किसी आपराधिक गतिविधि में किया जा सकता है, जिससे उसे और उसके परिवार को फंसाया जा सके।

## पति पर लगाया घर से निकालने का आरोप

पीड़िता का आरोप है कि उसके पति व ससुरालियों ने करीब पांच महीने पहले उसे घर से निकाल दिया था और तब से वह अलग रह रही है। उसका पति फरहान अपनी महिला मित्र के साथ अनैतिक तरह से रहता है।



# राशिफल

## विमल जैन

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता
फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

**गुरुवार, 07 मई 2026**

मेष- भाग्योदय का मार्ग अवरुद्ध, बहुप्रतीक्षित कार्यों में अड़चने, स्वजनो से मनमुटाव, नवसमस्याएँ उपस्थित, राजनीतिक पक्ष से उलझने, व्यय की अधिकता, अशांति भी।

वृषभ- मनोवांछित सफलता, योजनाओं की शुरुआत, उच्चाधिकारियों स सम्पर्क, वैमनस्यता का समापन, मंगल आयोजन सम्पन्न, उत्तरदायित्व निभाने से व्यवधान समाप्त।

मिथुन- व्यापार में धन निवेश, कठिनाइयों के निवारण हेतु प्रियजनों से अपेक्षित सहयोग, पठन-पाठन में रुचि, निजी जिन्दगी में सुख के जरूरी साधन सुलभ, यात्रा सकुशल।

कर्क- विचारित योजना कार्य रूप में परिणित, व्यापारिक उन्नति, सलयोगियों से अपेक्षित सहयोग, कुछेक मसला सुलझने की ओर, अध्यात्म के प्रति आस्था, शांति भी।

सिंह- परिस्थितियों में व्यतिक्रम, स्वास्थ्य विपरीत, कार्य सिद्धि में विलम्ब, क्रोध की अधिकता, प्रतियोगिता, में असफलता, मानसिक असंतुलन, यात्रा में असुविधा।

कन्या- दिन बेहतर, बहुप्रतीक्षित कार्यों में सफलता, प्रियजनों से प्रगाढ़ता, विवाद के समापन से शांति, विरोधी हानि पहुँचाने में विफल, प्रसन्नता भी।

तुला- योजना साकार होने की ओर, विनियोजित धन का प्रतिफल प्राप्त, वरिष्ठजनों की सलाह से आपको कामयाबी हासिल, दर्शनीय की यात्रा का प्रसंग उपस्थित।

वृश्चिक-समय संतोषजनक, मित्रो-परिजनों से विचार-विमर्श, कार्य-व्यवसाय अर्थपक्ष में उन्नति का अवसर, मनो-विनोद के अवसर सुलभ, वैवाहिक संबंध में सुधार।

धनु- आर्थिक पक्ष से असंतोष, धनागम में बाधा, किसी से विवाद की आशंका, शत्रु हानि पहुँचाने की दिशा में प्रयत्नशील, अनावश्यक भ्रमण, मित्रों से गलत फहमी।

मकर- आरोग्य सुख, कार्य-व्यवसाय में विस्तार, नौकरी में प्रोन्नति, स्थान-परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम, अध्यावसाय की ओर रुझान, परोपकार की भावना जागृत।

कुम्भ- मनोवांछित सफलता का सुअवसर, व्यापारिक वातावरण मनोनुकूल, पुराने विवाद का समापन, विरोधी परास्त, वैवाहिक जीवन संतोषजनक, आवागम में अनुकूलता भी।

मीन- आर्थिक-व्यापारिक प्रगति, पूँजी का प्रतिफल, आशानुकूल प्राप्त, उच्चाधिकारियों से सम्पर्क, कुछेक समस्याएँ हल, मनो-विनोद के सुअवसर, उत्साह में वृद्धि।

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल,
वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002,
मो. : 09335414722

# फुलसंदा बिजलीघर से जुड़ी समस्याओं का समाधान न होने पर भाकियू करेगी आंदोलन



**नहटौर ( चिंगारी )।** फुलसंदा बिजलीघर से जुड़ी समस्याओं के समाधान हेतु भारतीय किसान यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष विकास चौधरी के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा गया। उन्होंने सात दिन में विद्युत समस्या का समाधान न होने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी। मंगलवार को ब्लॉक अध्यक्ष विकास चौधरी के नेतृत्व में वीरेंद्र सिंह, पुनीत तुषियार, अनिल कुमार, पदम चौधरी, नीटू कुमार, अरविंद सिंह, नरेंद्र सिंह, शैंकी कुमार, मो. यासिर, विमल कुमार, मो शकील, मोहित आदि किसान विद्युत उपकेंद्र फुलसंदा पहुंचे। जहां पर उन्होंने जर्जर विद्युत लाइनों को तुरंत ठीक करने, विद्युत आपूर्ति 18 घंटे देने, रोस्टिंग के नाम पर हो रही कटौती बंद करने, फुलसंदा में धीरज के गेट के सामने व गिलाड़ी में रास्ते में अवरोध पैदा करने वाले विद्युत खंभो को स्थानांतरित करने, स्मार्ट मीटर में लगाए जाने, खराब बिलों को ठीक करने की मांग की। उन्होंने यह अभी कहा कि ग्राम ढकौली में मोबाइल टावर की अलग लाइन के बाद भी गांव की लाइन से सप्लाई दी जा रही है। जिसके कारण ट्रांसफार्मर बार-बार फूंक रहा है। इसकी सप्लाई गाँव की विद्युत लाइन से न दी जाये। उपखंड अधिकारी कोतवाली देहात संजय सिंह यादव ने किसानों को समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया।

# बिजनौर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जीत का जश्न



## मौसम चौधरी बोले- टीएमसी की अराजकता का जनता ने दिया जवाब

**बिजनौर ( चिंगारी )।** तीन राज्यों में भारतीय जनता पार्टी की शानदार जीत से कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। इसी क्रम में बिजनौर में भाजपा नेता मौसम चौधरी ने अपने कैंप कार्यालय पर जश्न मनाया। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं को मिठाई खिलाई और जीत की खुशी साझा की। पत्रकारों से बातचीत करते हुए मौसम चौधरी ने कहा कि पश्चिम बंगाल में जनता ने टीएमसी की अराजकता का करारा जवाब दिया है। उन्होंने दावा किया कि जिस तरह अन्य राज्यों में भाजपा सरकार बनने के बाद कानून व्यवस्था बेहतर हुई है, उसी तरह बंगाल की जनता भी बदलाव चाहती थी। उन्होंने कहा कि बंगाल महान संतों और स्वतंत्रता सेनानियों की भूमि रही है। स्वामी रामकृष्ण परमहंस, स्वामी विवेकानंद और सुभाष चंद्र बोस जैसे महापुरुषों ने यहां जन्म लिया। ऐसे में भाजपा के नेतृत्व में बंगाल को फिर से 'सोने की चिड़िया' बनाया जा सकता है। मौसम चौधरी ने उत्तर प्रदेश का उदाहरण देते हुए कहा कि 2017 के बाद प्रदेश में कानून व्यवस्था में बड़ा सुधार हुआ है और जनता इसे महसूस कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा एक ऐसी पार्टी है, जहां कार्यकर्ताओं को महत्व दिया जाता है और संगठन के निर्देशों का पालन ही कार्यकर्ता की सबसे बड़ी जिम्मेदारी होती है। उन्होंने बताया कि संगठन ने उन्हें बंगाल में प्रवासी कार्यकर्ता के रूप में जो जिम्मेदारी दी, उसे उन्होंने पूरी निष्ठा से निभाया। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नेताओं जैसे सुनील बंसल और भूपेंद्र यादव के मार्गदर्शन में काम करते हुए भाजपा ने यह सफलता हासिल की है। अंत में मौसम चौधरी ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व को जीत का मुख्य कारण बताते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत और शीर्ष नेतृत्व की रणनीति के कारण ही यह ऐतिहासिक जीत संभव हो पाई है।

# उर्स में अकीदतमंदों ने सूफियाना कलाम का आनंद लिया




नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के मौहल्ला मुगलूशाह स्थित सैयद मुबारक अली शाह के मजार पर चार दिवसीय सालाना उर्स का आयोजन किया गया। उर्स मुबारक के अवसर पर मजार पर चादरपोशी के साथ अकीदत व उल्लास का माहौल देखने को मिला। शहादत हसन के मकान से मजार तक भव्य जुलूस निकाला गया। जिसमें कादरी, साबरी और वारसी बिरादरी के बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। गद्दी नशीन शहादत हुसैन की निगरानी में जुलूस कलाम पढ़ते हुए मजार शरीफ तक पहुंचा। इस दौरान अकीदतमंदों ने दरूद-ओ-सलाम पेश कर फूलों की चादर चढ़ाकर अपनी श्रद्धा व्यक्त की। मजार पर चादरपोशी के बाद महफिल-ए-शमा कव्वाली का आयोजन किया गया। जिसमें मुबारक शाह बाबा की शान में एक से बढ़कर एक कलाम पेश किए गए। देर रात तक चलने वाली इस महफिल में लोगों ने सूफियाना कलाम का भरपूर आनंद लिया। वहीं उर्स के दौरान नियाज-लंगर का सिलसिला भी लगातार जारी रहा। रंग-बिरंगी रोशनी से सजी मजार पूरे क्षेत्र में आकर्षण का केंद्र बनी रही। कार्यक्रम के समापन पर सुबह कुरआन ख्वानी का आयोजन किया गया। जिसमें अमन-चैन व खुशहाली की दुआ मांगी गई।



# चौ. अजित सिंह को दी भावीभीनी श्रद्धांजलि

नांगल सोती। संसद एवं विधानसभा के अंदर भी और सड़कों पर भी किसानों की बुलंद आवाज रहे पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्व. चौधरी अजीत सिंह की पांचवीं पुण्यतिथि पर प्रदेश महासचिव चौधरी ब्रजवीर सिंह और रोहिलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय महासचिव चौधरी वीरपाल सिंह के घर पर यज्ञ - हवन आयोजित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस दौरान क्षेत्रीय महासचिव चौ. वीरपाल सिंह ने कहा कि चौधरी अजीत सिंह जीवनपर्यंत किसानों के अधिकारों की रक्षा के लिये संघर्ष करते रहे। उनके संघर्षों और मंत्री रहते किये गये कार्यों की बदौलत ही किसान की स्थिति में कुछ सुधार हुआ। प्रदेश में चीनी मिलों का जाल फैला और गन्ना बेचना आसान हुआ। आज भारतीय राजनीति में उनके जैसे हस्ताक्षर की कमी बड़ी शिद्दत से महसूस होती है। उपस्थित लोगों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। शिशुपाल सिंह , समरपाल सिंह , हुकम सिंह , लोकेन्द्र सिंह , यशवीर सिंह , युवराज सिंह , कुलवीर सिंह , साधुराम प्रधान , कामेन्द्र गांधी , यशपाल सिंह सहित कई व्यक्ति मौजूद रहे।

# जीतकर मैडल, ज़ैद लौटा घर लोगों ने बैठा लिया सिर-आंखों पर



**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** भारत सरकार द्वारा कानपुर में 01 से 03 मई तक आयोजित हुई तीन दिवसीय स्टेट ताइक्वांडो चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतकर मंगलवार को घर वापस लौटे कासमपुर गढ़ी निवासी एसएम जैद का परिजनों एवं खेल प्रेमियों ने जोरदार स्वागत किया और उसे सिर आंखों पर बैठा लिया। उसे ढेर सारी दुआएं एवं आशीर्वाद दिया गया, साथ ही नेशनल चैंपियनशिप के लिए उसे अग्रिम शुभकामनाएं भी दी गई। पत्रकार एस.एम. असलम सहित ज़ैद के परिजनों ने तमाम शुभचिंतकों का उसे दुआएं और आशीर्वाद देने के लिए आभार जताया। स्टेट लेवल पर गोल्ड मेडल जीतने पर ज़ैद का नेशनल चैंपियनशिप के लिए सलेक्शन हो गया है, जिसका आयोजन सिक्किम में प्रस्तावित है। जैद की इस कामयाबी पर कानपुर स्टेडियम में यूपी ओलंपिक एसोसिएशन के सीनियर सिक्रेट्री डॉ. रजत आदित्य दीक्षित ने उसे मेडल पहनाकर सम्मानित करते हुए उसकी जबरदस्त फाइट देखकर उसके और ऊंचाइयों तक जाने की संभावनाएं व्यक्त कर उसे अग्रिम शुभकामनाएं दी हैं।

# कल शपथ लेगी 'सम्राट की सेना'

## 27 नामों की लिस्ट तैयार, विजय सिन्हा को क्या मिलेगा इस पर सबकी नजर



**पटना ( एजेंसी/चिंगारी )।** पश्चिम बंगाल और असम में बीजेपी के शानदार प्रदर्शन के बाद बिहार में सम्राट चौधरी के मंत्रिमंडल विस्तार की तैयारी शुरू हो गई है। पटना के गांधी मैदान में गुरुवार को सम्राट सेना के शपथ ग्रहण का कार्यक्रम रखा गया है। सम्राट की कैबिनेट में 27 मंत्री बनाए जा सकते हैं, जिसमें ज्यादातर पुराने चेहरों को ही तवज्जो देने का प्लान है। हालांकि, कुछ नये चेहरों को भी शामिल किया जा सकता है।

साल 2025 के विधानसभा चुनाव में जीत के बाद नीतीश कुमार की अगुवाई में कैबिनेट गठन की गई थी। नीतीश के राज्यसभा सांसद चुने जाने के बाद सम्राट चौधरी मुख्यमंत्री बने हैं और जेडीयू कोटे से दो डिप्टी सीएम बिजेंद्र प्रसाद यादव और विजय चौधरी बने हैं। अब मंत्रिमंडल का विस्तार किया जा रहा है।

पटना के गांधी मैदान में सम्राट सेना के शपथ ग्रहण की तैयारी कर ली गई है, जिसके लिए बीजेपी और जेडीयू के बीच मंत्रिमंडल के लिए 50-50 का फॉर्मूला बना। ऐसे में सवाल यह है कि बीजेपी और जेडीयू से कौन-कौन नेता मंत्री बन रहे हैं और किसकी कैबिनेट से छुट्टी हो रही है?

### सम्राट सेना में पुराने और नये चेहरों का संतुलन

**बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी अपने मंत्रिमंडल में नीतीश कैबिनेट में रहे चेहरों को दोबारा जगह देने की रणनीति बनाई है। सूत्रों के मुताबिक, बीजेपी से पुराने चेहरों के अलावा 2 से 3 नये चेहरों को मौका मिल सकता है। बीजेपी ने जरूर प्लानिंग की है नये चेहरों के जरिए बिहार के समीकरण का बैलेंस बनाया जाए।**

# गन्ना किसानों के लिए 365 रुपये प्रति क्विंटल एफआरपी मंजूर

**नयी दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** सरकार ने गन्ना किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए 2026-27 के लिए 10.25 प्रतिशत रिकवरी दर पर 365 रुपये प्रति क्विंटल का उचित एवं लाभकारी मूल्य (एफआरपी) मंजूर किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंगलवार को यहां हुई आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यहां संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी देते हुए बताया कि इस निर्णय से देश के लगभग पांच करोड़ गन्ना किसानों और उनके आश्रितों के साथ-साथ चीनी मिलों एवं सहायक गतिविधियों में लगे करीब पांच लाख श्रमिकों को लाभ होगा। उन्होंने बताया कि इसके तहत 10.25 प्रतिशत से अधिक रिकवरी पर प्रति 0.1 प्रतिशत वृद्धि के लिए 3.56 रुपये प्रति क्विंटल का प्रीमियम मिलेगा, जबकि कमी होने पर इतनी ही दर से कटौती होगी। हालांकि 9.5 प्रतिशत से कम रिकवरी वाले मिलों के मामले में कोई कटौती नहीं की जाएगी और ऐसे किसानों को 338.3 रुपये प्रति क्विंटल का मूल्य मिलेगा। श्री वैष्णव ने बताया कि यह एफआरपी उत्पादन लागत 182 रुपये प्रति क्विंटल के मुकाबले 100 प्रतिशत से अधिक है।

# नाबालिग लड़की को ले गया था देवेन्द्र पुलिस ने भेज दिया अन्दर



**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** एक नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के आरोपी को अफजलगढ़ पुलिस ने गिरफ्तार कर उसका चालान कर दिया है। थानाध्यक्ष अफजलगढ़ को दिए प्रार्थना-पत्र में लड़की के पिता ने बताया था कि थाना रेहड़ क्षेत्र के ग्राम फतेहपुर धारा निवासी देवेंद्र पुत्र देवीचंद उसकी नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। लड़की के पिता का यह भी कहना था कि आरोपी देवेंद्र का उसके गांव के ही ओमप्रकाश सिंह के यहां आना-जाना था। इस संबंध में थानाध्यक्ष विजेंद्र सिंह राठी ने बताया कि लड़की के पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लड़की को सकुशल बरामद कर लिया गया और आरोपी देवेंद्र को गत दिवस गिरफ्तार कर उसका चालान कर दिया गया है।


# कार्यालय नगर पालिका परिषद नहटौर, जनपद-बिजनौर

पत्रांक: 412 / न.पा.परि.नह./2026-27 दिनांक-05-05-2026

## ई-निविदा आमंत्रण सूचना

समस्त पंजीकृत ठेकेदारों / फर्मों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद नहटौर द्वारा नगरीय झील / तालाब / पोखर संरक्षण योजना/सीवरेज एवं जल निकासी योजना से प्राप्त धनराशि के अन्तर्गत विकास कार्यों की वेबसाईट www.etender.up.nic.in के माध्यम ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं, जिसके निविदा अभिलेख एवं शर्तें वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर दिनांक 06-05-2026 को प्रातः 11:00 बजे से दिनांक 20-5-2026 को दोपहर 02:00 बजे तक उपलब्ध रहेंगे, जहां से इन्हें डाउनलोड किया जा सकता है। सभी निविदादाता दिनांक 20-5-2026 को समय दोपहर 02:00 बजे तक वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर ऑनलाईन अपनी निविदा दर डाल सकते हैं।

| | |
|---|---|
| E-Tender reference | Ltr.No. / न.पा.प.-नह./2026-27 |
| Publish and Time for RFP | दिनांक 06-5-2026 को प्रातः 11:00 बजे |
| Last date and time for submission of E-Tender | दिनांक 20-5-2026 को दोपहर 02:00 बजे तक |
| Date of time of opening tender | दिनांक 20-5-2026 को सायं 04:00 बजे |
| Place of opening of E-Tender | Office Nagar Palika Parishad Nehtaur |
| E-Tender Security | 10% of Tender Value |
| E-Tender Document processing | As per tender List |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद नहटौर
जनपद-बिजनौर

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद नहटौर
जनपद-बिजनौर



# नारियल पानी

## गर्मियों में पीने के 10 फायदे




गर्मियों का मौसम आते ही बाजार में शरीर को ठंडक और ऊर्जा देने वाले पेयों की भरमार हो जाती है, लेकिन इनमें से ज्यादातर ड्रिंक्स चीनी और तरह-तरह के केमिकल्स से भरे होते हैं। ये स्वाद में तो अच्छे लगते हैं, लेकिन सेहत को फायदा पहुंचाने के बजाय नुकसान भी कर सकते हैं। ऐसे में अगर आप एक ऐसा प्राकृतिक पेय ढूंढ रहे हैं जो आपको तुरंत ताजगी दे, शरीर को हाइड्रेट रखे और आपकी सेहत को भी बेहतर बनाए, तो नारियल पानी आपके लिए एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है। नारियल पानी के फायदे  सिर्फ शरीर को ठंडा रखने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि इसमें पोटैशियम, मैग्नीशियम, कैल्शियम, इलेक्ट्रोलाइट्स और एंटीऑक्सीडेंट जैसे जरूरी पोषक तत्व भी पाए जाते हैं। जो शरीर को अंदर से मजबूत बनाते हैं।

**नारियल पानी हल्का होने के साथ-साथ पोषण से भरपूर होता है। इसमें लगभग निम्न पोषक तत्व पाए जाते हैं**



**नारियल पानी में मौजूद पोषक तत्व ( Per 250 ml )**

| | |
|---|---|
| कैलोरी | 45-60 kcal |
| फैट | लगभग 0 g |
| सोडियम | 25-45 mg |
| पोटैशियम | 470-600 mg |
| कार्बोहाइड्रेट | 10-15 g |
| शुगर | 8-11 g |
| प्रोटीन | 0-0 .5 g |
| विटामिन C | लगभग 24 mg |

नारियल पानी में बाकि एनर्जी ड्रिंक्स के मुकाबले बहुत कम कैलोरी और लगभग न के बराबर फैट होता है। यह ड्रिंक गर्मियों में शरीर को ठंडक देने और डिहाइड्रेशन से बचाने के साथ-साथ पसीने के साथ कम हुए इलेक्ट्रोलाइट्स की भरपाई करने में भी मदद करता है।

## नारियल पानी के फायदे

**1 शरीर को हाइड्रेट रखने में मदद करता है:-** नारियल पानी शरीर को हाइड्रेट रखने का एक प्राकृतिक तरीका है। इसमें मौजूद इलेक्ट्रोलाइट्स पसीने या थकान के कारण खोए हुए मिनरल्स को पूरा करते हैं। गर्मियों में या एक्सरसाइज के बाद इसे पीने से शरीर में तुरंत ऊर्जा वापस आती है।

**2 दिल की सेहत के लिए फायदेमंद:-** नारियल पानी में पोटैशियम भरपूर मात्रा में होता है, जो ब्लड प्रेशर को संतुलित रखने में मदद करता है। नियमित रूप से, पर सीमित मात्रा में नारियल पानी का सेवन करने से दिल से जुड़ी समस्याओं का खतरा कम हो सकता है।

**3 पाचन को बेहतर बनाता है:-** अगर आपको अक्सर कब्ज या अपच की समस्या रहती है, यह पेट में गैस और एसिडिटी होती है तो नियमित रूप से नारियल पानी पीना आपके लिए फायदेमंद हो सकता है। इसमें मौजूद मैग्नीशियम और पानी की मात्रा पाचन को आसान बनाते हैं और पेट को हल्का रखते हैं।

**4 वजन घटाने में मददगार:-** नारियल पानी एक लो-कैलोरी ड्रिंक है, इसलिए यह उन लोगों के लिए बेहद अच्छी है जो वजन कम करने की कोशिस कर रहे हैं। एक सामान्य नारियल पानी पीने पर आपका पेट लंबे समय तक भरा हुआ महसूस होता है, जिससे बार-बार स्नैकिंग की आदत कम हो जाती है।

**5 चेहरे की त्वचा को निखारता है:-** नारियल पानी में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट त्वचा को अंदर से हाइड्रेट रखते हैं, और फ्री रेडिकल्स को ?तम करने में मदद करते हैं, जिससे त्वचा निखरती है और दाग धब्बे कम होने लगते हैं, साथ ही ब ?ती उम्र के निशान भी कम हो सकते हैं।

**6 इम्यूनिटी बढ़ाने में सहायक:-** नारियल पानी में विटामिन ष्ट और अन्य पोषक तत्व भी भरपूर मात्रा में होते हैं, जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करते हैं। इससे शरीर को संक्रमण से लड़ने में मदद मिलती है।

**7 किडनी स्टोन में मददगार:-** अगर आप रोजाना नारियल पानी पीते हैं तो यह शरीर से टॉक्सिन्स बाहर निकालने में मदद करता है। इसमें मौजूद पोटैशियम और मैग्नीशियमयह यूरिन फ्लो को ब ?ाते हैं, जिससे किडनी स्टोन बनने का खतरा कम हो सकता है।

**8 हैंगओवर में राहत देता है:-** अगर कभी ज्यादा शराब पीने के कारण, अगले दिन डिहाइड्रेशन या थकान महसूस हो, तो नारियल पानी राहत दे सकता है। यह शरीर में इलेक्ट्रोलाइट्स को बैलेंस करता है और जल्दी रिकवरी में मदद करता है।

**9 मसल्स रिकवरी में सहायक:-** अगर आप एक ऐथलेटे हैं और जिम या दौड लगाने के बाद थकान महसूस करते हैं तो आप नारियल पानी को एक नैचुरल प्री या पोस्ट वर्कआउट ड्रिंक के रूप में भी इस्तेमाल कर सकते हैं। यह आपको तुरंत ऊर्जा प्रदान करता है और शरीर को हाइड्रेट भी करता है।

**10 शरीर को ठंडक देता है:- गर्मियों में नारियल पानी शरीर के तापमान को संतुलित रखने में मदद करता है। यह लू और डिहाइड्रेशन जैसी जानलेवा अवस्था से भी बचाने में सहायक होता है।**

[redacted]

## नारियल पानी पीने का सही समय

❍ सुबह खाली पेट पीना सबसे ज्यादा फायदेमंद माना जाता है

❍ वर्कआउट के बाद भी इसे पी सकते हैं

❍ दोपहर के समय यह शरीर को ठंडक देता है

❍ रात में ज्यादा मात्रा में पीने से बार-बार पेशाब की समस्या हो सकती है, इसलिए दिन में ही लेना बेहतर होता है।

## नारियल पानी पीने के नुकसान

**नारियल पानी पीने के फायदे तो आप सभी ने बहुत सुने होंगे, लेकिन जरूरत से ज्यादा या गलत समय पर सेवन करने पर आपको कुछ समस्याओं का सामना भी करना प ? सकता है, जैसे की:-**

1 बार-बार पेशाब आना:- यह एक नेचुरल डाइयूरेटिक है, इसलिए ज्यादा नारियल पानी पीने से बार-बार पेशाब आ सकता है, खासकर रात में।

2 **एलर्जी या पेट की समस्या:-** कुछ लोगों को ज्यादा नारियल पानी पीने पर पेट में गड़बड़ी या एलर्जी महसूस हो सकती है।

3 **किडनी के मरीजों के लिए सावधानी:-** नारियल पानी में पोटैशियम ज्यादा होता है, जो किडनी के मरीजों के लिए नुकसानदायक हो सकता है।

4 **गर्भावस्था में सावधानी:-** प्रेग्नन्सी के दौरान महिलाओं को इसका रोजाना सेवन सिर्फ डॉक्टर की सलाह से करना चाहिए।

5 **ब्लड प्रेशर से जुड़ी समस्या:-** नारियल पानी हाई ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में मदद करता है, लेकिन इसका ज्यादा मात्रा में सेवन ब्लड प्रेशर को जरूरत से ज्यादा कम कर सकता है, जो नुकसानदायक हो सकता है।

***नारियल पानी एक प्राकृतिक और पोषक तत्वों से भरपूर पेय है, जो शरीर को हाइड्रेट रखने के साथ-साथ कई स्वास्थ्य लाभ भी देता है। रोजाना नारियल पानी पीने पर आपका पाचन बेहतर होता है, दिल स्वास्थ्य रहता है, वजन नियंत्रण में रहता है और त्वचा भी स्वास्थ्य रहती है। हालांकि, किसी भी चीज़ की तरह इसका सेवन भी संतुलित मात्रा में ही करना चाहिए। सही समय और सही मात्रा में नारियल पानी पीने से आप इसके पूरे लाभ उठा सकते हैं।***



# सहकारिता आयुक्त ने गेहूं खरीद की धीमी गति पर जताई नाराज़गी

**बिजनौर ( चिंगारी )। सहकारिता आयुक्त एवं निबंधक, उत्तर प्रदेश योगेश कुमार ने अपने दो दिवसीय बिजनौर भ्रमण के दूसरे दिन मंडी समिति किरतपुर, नजीबाबाद ब्लॉक के ग्राम जालबपुर गूदड़ स्थित प्राथमिक विद्यालय और पंचायत भवन का निरीक्षण कर विकास एवं निर्माण कार्यों का भौतिक सत्यापन किया।**


निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) वान्या सिंह, एसडीएम आशुतोष जैसवाल, ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह, उपायुक्त एनआरएलएम वीरेंद्र कुमार, जिला विकास अधिकारी रचना गुप्ता, जिला पंचायत राज अधिकारी, समाज कल्याण अधिकारी, ग्राम प्रधान श्रीमती नंदिनी राजपूत तथा खंड विकास अधिकारी नजीबाबाद सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

मंडी समिति किरतपुर के निरीक्षण में आयुक्त ने फार्मर रजिस्ट्रेशन पंजिका व फर्द सत्यापन का अवलोकन किया और गेहूं खरीद में धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई। उन्होंने केंद्र प्रभारी को निर्देश दिये कि किसानों से संपर्क कर लक्ष्य के अनुरूप खरीद सुनिश्चित की जाए और भुगतान समयबद्ध तरीके से किया जाए। साथ ही किसानों की सुविधा के लिए मोबाइल वैन की जानकारी का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश भी दिये। ग्राम जालबपुर गूदड़ के प्राथमिक विद्यालय के निरीक्षण में 62 छात्रों पर 7 शिक्षकों की तैनाती पाए जाने पर उन्होंने बेसिक शिक्षा अधिकारी को अतिरिक्त शिक्षकों को अन्य विद्यालयों में समायोजित करने के निर्देश दिये। इसके बाद उन्होंने ग्राम में हुए विकास कार्यों का सत्यापन करते हुए पाया कि छह तालाब अनुपयोगी हैं। इस पर उन्होंने मत्स्य विभाग से समन्वय कर मछली पालन शुरू कराने और स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। साथ ही ग्राम में किए गए विकास कार्यों की जानकारी साइन बोर्ड पर अंकित कराने को कहा। आयुक्त ने जनसेवा केंद्रों की जांच कर अधिक शुल्क वसूलने वालों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए।

## शादी घर के लिये भूमि चिन्हांकन के निर्देश

**योगेश कुमार ने ग्राम में आय के नये स्रोत विकसित करने और कूड़ा संग्रहण से प्राप्त राजस्व का उपयोग गांव के विकास में करने पर जोर दिया। ग्राम प्रधान और ग्रामीणों की जागरूकता की सराहना करते हुए उन्होंने पंचायत राज विभाग को गांव में शादी घर निर्माण के लिए भूमि चिन्हांकन के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों ने विकास कार्यों पर संतोष व्यक्त किया। आयुक्त ने ग्रामीणों से आह्वान किया कि वे रोजगार सृजन के साथ-साथ बच्चों को उच्च शिक्षा दिलाने को कहा।**

# मानदेय बढ़ोतरी पर शिक्षामित्र को सम्मानित किया



**बिजनौर ( चिंगारी )।** नजीबाबाद रोड स्थित कृष्णा फार्म हाउस में मंगलवार को बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित शिक्षामित्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में गंभीरनाथ प्रेक्षागृह से कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष साकेंद्र प्रताप सिंह ने की, जबकि विधायक धामपुर अशोक राणा, नहटौर ओम कुमार, भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा सिंह और जिलाधिकारी जसजीत कौर की गरिमामयी उपस्थिति रही।

इस दौरान जनपद के शिक्षामित्रों को मानदेय बढ़ोतरी के उपलक्ष्य में चैक देकर सम्मानित किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष साकेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि मानदेय वृद्धि का निर्णय शिक्षामित्रों की लंबे समय से चली आ रही मांगों के समाधान की दिशा में एक अहम कदम है, जिससे उनके जीवन स्तर में सुधार होगा और शिक्षा व्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

जिलाधिकारी जसजीत कौर ने शिक्षामित्रों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए उन्हें बेसिक शिक्षा व्यवस्था की रीढ़ बताया। उन्होंने कहा कि सरकार शिक्षामित्रों के हितों के प्रति पूरी तरह संवेदनशील और प्रतिबद्ध है। साथ ही उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिये कि बढ़े हुए मानदेय से संबंधित शासनादेशों का समयबद्ध अनुपालन सुनिश्चित किया जाए तथा लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण किया जाए।

कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष ने बेसिक शिक्षा विभाग की प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। इसमें छात्र-छात्राओं द्वारा विज्ञान, पर्यावरण और शैक्षिक नवाचार से जुड़े विभिन्न आकर्षक मॉडल प्रस्तुत किए गए।

इस अवसर पर बेसिक शिक्षा अधिकारी सचिन कसाना, पूर्व विधायक चांदपुर श्रीमती कमलेश सैनी सहित अन्य अधिकारी एवं बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

# खूंख़ार जानवरों का ख़ौफ़

## जंगल जाने से कतराने लगे किसान

**अरशद अली**

**नींदडू ( चिंगारी )।** क्षेत्र में जंगलों में बढ़ती खूंखार जानवरों की मौजूदगी ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। हालात यह हैं कि दिन हो या रात, जंगल में जाना अब किसानों और मजदूरों के लिए जोखिम भरा हो गया है। डर के चलते कई किसान खेतों तक जाने से भी हिचक रहे हैं, जिससे खेती पर सीधा असर पड़ रहा है। हाल ही में धामपुर थाना क्षेत्र के ग्राम अथाई शेख में अकबर पुत्र महमूद पर गन्ने की सिंचाई के दौरान गुलदार ने हमला कर दिया। हालांकि किसान ने हिम्मत दिखाते हुए गुलदार का मुकाबला किया, जिससे उसकी जान बच सकी। इस घटना के बाद से इलाके में दहशत और बढ़ गई है। ग्रामीणों का कहना है कि अब रात में पैदल चलना ही नहीं, बल्कि साइकिल या बाइक से निकलना भी असुरक्षित हो गया है।

उधर नीलगाय, छुट्टा पशु और अन्य वन्य जीव लगातार फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। पहले किसान रातभर खेतों में पहरा देकर फसलों की रक्षा करते थे, लेकिन अब जान का खतरा देखते हुए वे फसल नुकसान सहने को मजबूर हैं। खेतों में काम के लिए भी अतिरिक्त मजदूर साथ ले जाने पड़ रहे हैं, जिससे लागत बढ़ रही है। किसानों और किसान संगठनों द्वारा कई बार वन विभाग व प्रशासन को ज्ञापन सौंपे गए, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इससे किसानों में रोष बढ़ता जा रहा है। उनका आरोप है कि प्रशासन किसी बड़ी घटना का इंतजार कर रहा है। इधर प्राकृतिक मार ने भी किसानों की कमर तोड़ दी है। पिछले चार वर्षों से गन्ने की फसल में सूखा रोग फैलने से करीब 65 प्रतिशत फसल प्रभावित हुई है। खाद और बीज की किल्लत ने स्थिति और गंभीर बना दी है। किसान यह तय नहीं कर पा रहे हैं कि भूमि की उर्वरा शक्ति कैसे बहाल करें और उत्पादन कैसे बढ़ाएं। किसानों का कहना है कि पहले प्राकृतिक आपदाओं से नुकसान होने पर आर्थिक सहायता मिलती थी, लेकिन अब ऐसी कोई व्यवस्था नजर नहीं आती। कुल मिलाकर, मौजूदा हालात में खेती किसानों के लिए बेहद चुनौतीपूर्ण हो गई है और सरकारी उदासीनता के चलते खेती से उनका मोहभंग होता जा रहा है।

# फसल बीमा योजना के तहत बिजनौर के किसानों को मुआवजा वितरित किया

**बिजनौर ( चिंगारी )।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना के अंतर्गत खरीफ 2025 व रबी 2025-26 मौसम की क्षतिपूर्ति वितरण कार्यक्रम का आयोजन रविवार को किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष साकेंद्र प्रताप सिंह ने की। इस दौरान जनपद के 766 किसानों को खरीफ 2025 की फसलों धान, उड़द एवं मूंगफली में हुई क्षति के लिए कुल 9,00,681 रुपये की धनराशि वितरित की गई। कार्यक्रम में उपकृषि निदेशक डॉ. घनश्याम वर्मा सहित जनप्रतिनिधि एवं कृषि विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। अपने संबोधन में जिला पंचायत अध्यक्ष साकेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि



प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए किसानों को अपनी फसलों का बीमा अवश्य कराना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाएं किसानों के हित में हैं और अधिक से अधिक किसानों को इनका लाभ उठाना चाहिए। कार्यक्रम में कुछ किसानों को प्रतीकात्मक रूप से चैक भी प्रदान किए गए, जबकि अन्य लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। उपकृषि निदेशक ने किसानों को फसल बीमा योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए अपील की कि जिन किसानों ने अभी तक बीमा नहीं कराया है, वे जल्द से जल्द योजना से जुड़ें। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, कृषि विभाग के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# डेमोक्रेसी के महत्व को समझने के लिये किया स्टूडेंट काउंसिल पोलिंग का अयोजन



**चांदपुर ( चिंगारी )।** द हेज़लमून स्कूल में इस वर्ष भी स्टूडेंट काउंसिल पोलिंग का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य छात्रों को लोकतांत्रिक व्यवस्था (डेमोक्रेसी) के महत्व को समझाना तथा यह बताना था कि मतदान का अधिकार क्यों आवश्यक है। चुनाव में विभिन्न हाउस के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्नेलियन हाउस से कैप्टन पद के लिए माही तोमर, रयान खान, इफ़रा शाद और धैर्य चौधरी तथा वाइस कैप्टन पद के लिए देवांक, निमिषा आर्य, पावनी चौधरी और रुद्राक्षी ने नामांकन किया। सफायर हाउस से कैप्टन पद के लिए वर्णिका लंबा, अनहा हाशमी, सिद्धि माहेश्वरी और सादिका तथा वाइस कैप्टन पद के लिए नंदिनी चौधरी, परी सिंह, शौर्य त्यागी और अंतरा कौशिक ने भाग लिया। सिट्रिन हाउस से कैप्टन पद के लिए परिधि अग्रवाल, मनजीत सिंह और गौरांगी गौड़ तथा वाइस कैप्टन पद के लिए मोह. ज़ाकवान, ओम कौशिक, फ़ायज़ा इस्माइल और मयंक सिंह ने नामांकन किया। एमेरल्ड हाउस से कैप्टन पद के लिए सरवन सिंह, शौर्य हरसाना, यश कुमार राणा तथा वाइस कैप्टन पद के लिए नमरा, सिमर कौर, रूहानी मलिक और जसमीत सिंह ने अपनी उम्मीदवारी प्रस्तुत की। कक्षा 6 से कक्षा 12 तक के सभी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक मतदान किया और अपने पसंदीदा उम्मीदवारों को वोट दिया। विद्यालय की निर्देशिका श्रीमती शक्ति अनिरुद्ध मित्तल, चेयरमैन अनिरुद्ध मित्तल व प्रधानाचार्या श्रीमती गरिमा सिंह ने छात्रों को मतदान के अधिकार और उसके महत्व के बारे में जानकारी दी।

# पुण्यतिथि पर चौ. अजित सिंह को श्रद्धासुमन अर्पित किये



स्व. चौ. अजित सिंह की पुण्यतिथि पर हवन करते उनके अनुयायी।

**चांदपुर ( चिंगारी )।** पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. चौधरी अजीत सिंह की पुण्यतिथि पर हवन हुआ तथा उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उनको श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। आज सुबह यहां नूरपुर रोड स्थित पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर हवन हुआ, जिसमें मुख्य यजमान युवा रालोद के पूर्व युवा जिला अध्यक्ष हनी तोमर व डा. खूब सिंह थे। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष चौधरी पीतम सिंह, चौधरी विरेंद्र सिंह, विधानसभा अध्यक्ष आनंद तोमर, मयंक चौधरी, सत्यदेव सिंह, देवेंद्र सिंह, अरविंद त्यागी, यशवीर सिंह एडवोकेट, भूपेंद्र सिंह, सौरव राणा, मास्टर अनिल सिरोही, सरदार प्रधान, संदीप प्रधान, नेपाल सिंह, वेदपाल सिंह, मुंशीराम, यशवीर सिंह, यादराम सिंह, हुकम सिंह, अतुल भाटिया, रामेंद्र सिंह, खुशपाल सिंह, भाकियू नेता अशोक कुमार, हर्ष चौधरी, संसार सिंह, पंकज शहरावत, शशांक, कुलबीर, राहुल ढाका, सुनील कुमार, जबर सिंह, मास्टर बुद्ध सिंह, भूपेंद्र सिंह, अनुज गौतम ओर जगत सिंह आदि बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे।

## प्राइवेट या झोलाछाप डाक्टरों के यहां डिलीवरी कराने वाली आशाओं की सेवा होगी समाप्त

**नगीना ( चिंगारी )।** नगीना के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आशाओं की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. विशाल दिवाकर ने चेतावनी दी कि यदि कोई भी आशा प्राइवेट या अनरजिस्टर्ड झोलाछाप चिकित्सक के यहां गर्भवती महिला की डिलीवरी कराती है तो उसकी सेवा समाप्ति के साथ-साथ उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मंगलवार की दोपहर सीएचसी में आशाओं की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर विशाल दिवाकर ने बताया कि 22 आशाओं को चेतावनी दी गई कि यदि आशा द्वारा संस्थागत प्रसव नहीं कराया गया तो उनकी सेवा समाप्ति का नोटिस जारी करने के साथ-साथ सात दिन के भीतर सेवा समाप्त कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि अस्पताल में प्रशिक्षित स्टाफ नर्स एवं डॉक्टर द्वारा डिलीवरी की पूरी व्यवस्था होने के बावजूद यदि प्राइवेट अस्पताल में गर्भवती महिला की डिलीवरी की जाती है तो ऐसी आशाओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। बैठक में स्टाफ नर्स स्वाति, पूजा, कीर्ति, बबीता, डॉक्टर सविता आदि मौजूद रहीं।

## स्केटिंग इंटर हाउस प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने दिखाये जौहर

**किरतपुर ( चिंगारी )।** सत्यवती मेमोरियल एकेडमी स्कूल में स्केटिंग इंटर हाउस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन स्कूल प्रिंसिपल प्रेमराज राजपूत एवं प्रबंधक एडवोकेट राजीव चौहान ने संयुक्त रूप से किया। प्रतियोगिता आजाद नेहरू पटेल एवं सिंह हाउस के बीच हुई। प्रतियोगिता में बालक वर्ग में अनिक सिंह, शिवाय, आरव, रक्षित, युवराज ने अपने-अपने आयु वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में माही, इतिक्षा, सारा, सिमरह, महिरा आदि ने अपने-अपने आयु वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्कूल प्रिंसिपल एवं प्रबंधक द्वारा सभी विजेता खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की गई। प्रतियोगिता का संचालन ज़ैनब अख्तर ने किया। प्रतियोगिता शारीरिक शिक्षक अंकुर चौधरी, रविश तोमर, अनीता एवं शुभम चौधरी की देखरेख में संपन्न हुई। प्रतियोगिता में ओवरऑल आजाद हाउस चैंपियन रहा।



## यूपी ग्रामीण बैंक के कर्मियों पर सीनियर सिटीजन को सम्मान न देने का आरोप



डा. सत्येन्द्र कुमार शर्मा

**चांदपुर ( चिंगारी )।** नगर के मुहल्ला साहुवान निवासी डॉ. सत्येंद्र कुमार शर्मा ने सर्व यूपी ग्रामीण बैंक के कर्मचारियों पर सीनियर सिटीजन को सम्मान न देने तथा खाता धारकों को परेशान करने का आरोप लगाते हुए जांच कर कार्यवाही किए जाने की मांग की। ऐसा न होने पर अपने खाते बन्द कराने की चेतावनी दी है। डा. सत्येन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि वे अपनी पासबुक में एंट्री कराने के लिए रिक्शे में पैसे खर्च कर अनेक बार बैंक जा चुके हैं, लेकिन हर बार बैंक कर्मचारी मशीन खराब होने की बात कहकर उन्हें टरका देते हैं। डा. शर्मा ने इस बात पर भी रोष जताया कि बैंककर्मी उनके साथ सीनियर सिटीजन वाला व्यवहार भी नहीं करते। उन्होंने कहा कि बैंककर्मियों का व्यवहार इसी तरह रहा तो वे इस बैंक से अपना एकाउंट बंद कर देंगे। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों से शिकायत की जांच कराने तथा दोषी बैंककर्मियों के विरुद्ध कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

# गैंगस्टर के दो वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



**किरतपुर ( चिंगारी )।** पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के वांछित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनका चालान कर दिया है। थानाध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह ने बताया कि 6 आरोपियों द्वारा संगठित गिरोह बनाकर आर्थिक लाभ कमाने के उद्देश्य से चोरी आदि जघन्य अपराध किये जा रहे थे, जिससे समाज में आतंक का माहौल था। इस गिरोह के खिलाफ थाना किरतपुर में गैंगस्टर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। मुकदमे में वांछित अभियुक्त साकिब पुत्र मेंहदी हसन निवासी सपेरा बस्ती गंज जहानाबाद, थाना बिजनौर तथा दीपक गोयल पुत्र स्वर्गीय विश्वनाथ गोयल निवासी मोहल्ला महाजनान किरतपुर को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि चार अन्य अभियुक्त वांछित हैं। गिरफ्तार साकिब पर दो मुकदमे थाना नांगल में तथा दीपक गोयल पर तीन मुकदमे थाना कोतवाली देहात तथा एक मुकदमा थाना किरतपुर में पंजीकृत है।

# डॉ. इंद्रदेव को जिला चेयरमैन बनाए जाने पर हर्ष

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना लाभार्थी विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश प्रजापति द्वारा पूर्व विधायक एवं पूर्व दर्जा राज्य मंत्री डॉ. इंद्रदेव सिंह को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना लाभार्थी विभाग का जनपद बिजनौर का चेयरमैन नियुक्त किए जाने पर उनके तमाम समर्थकों, शुभचिंतकों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं महिपाल सिंह, नरेश कुमार, कृष्णपाल सिंह, विजयपाल सिंह, छत्रपाल सिंह, राजेन्द्र सिंह, नसीम अहमद, हेमराज सिंह, कर्मवीर सिंह, ईश्वर सिंह आदि ने हर्ष व्यक्त किया है और कहा है कि डॉ. इंद्रदेव सिंह के जिला चेयरमैन बनने पर जनपद के पात्र लाभार्थियों को अब प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना का शत-प्रतिशत लाभ मिलेगा। इस संबंध में बातचीत करते हुए पूर्व विधायक डॉ.



डॉ. इंद्रदेव सिंह से वार्ता करते एसएम असलम।

इंद्रदेव सिंह ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना लाभार्थी विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश प्रजापति का आभार व्यक्त किया और कहा कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना में लगभग 57 योजनाएं हैं, जनपद के पात्र लाभार्थियों को जिनका शत-प्रतिशत लाभ पहुंचाना उनका लक्ष्य रहेगा। डॉ. इंद्रदेव सिंह ने कहा कि प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी जी एवं देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी जी का सपना है कि देश व प्रदेश के हर पात्र व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का लाभ मिले।

# बाइक को बचाने के प्रयास में ट्रैक्टर पलटा, चालक की मौत

मंडावर (चिंगारी)। क्षेत्र में मंगलवार को बड़ा हादसा हो गया। बाइक को बचाने के प्रयास में एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ट्रैक्टर चला रहे युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंडावर क्षेत्र के सीमला खुर्द गांव निवासी अनुज पुत्र भगवत अपने साथी मनजीत के साथ थाना क्षेत्र के दयालवाला से ट्रैक्टर ठीक कराकर अपने घर सीमला खुर्द जा रहे थे। बालावाली-मंडावर मार्ग पर मोहद्दीनपुर गांव के सामने पहुंचे, तभी सामने से आ रही बाइक को बचाने के प्रयास में ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। हादसे में चालक अनुज की मौके पर ही मौत हो गई। साथ बैठे मनजीत को गंभीर चोटें आयीं। सूचना मिलते ही थाना मंडावर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। गंभीर रूप से घायल मनजीत को सीएचसी मंडावर में भर्ती कराया गया, जहां से हालत नाजुक होने पर उसे जिला अस्पताल भर्ती कराया गया।

# इमरान हत्याकाण्ड के खुलासे के लिये कश्मीर पहुंचे मुदस्सिर ज़मां खां

किरतपुर (चिंगारी)। स्थानीय मोहल्ला अफगानान निवासी मो. इमरान की कशमीर में हुई हत्या के खुलासे के लिये युवा आसपा नेता मुदस्सिर जमां खां उसके रिश्तेदारो को साथ लेकर श्रीनगर (कश्मीर) पहुंच गए है। फोन पर जानकारी देते हुए मुदस्सिर जमा खां ने बताया कि मोहम्मद इमरान की मर्डर मिस्ट्री में उनके कश्मीर पहुंचने से पहले कोई प्रोग्रेस होती नजर नही आ रही थी। उनके कश्मीर पहुंचने से मर्डर केस के परतें शीघ्र खुल जाने की उम्मीद है। मुदस्सिर जमा खां ने बताया कि घटना स्थल से मृतक का एक दांत व एक सिगरेट बरामद हुई है जो पोस्टमार्टम रिपोर्ट में दर्ज करा दी गई है। पुलिस अधिकारियो ने तत्परता दिखाते हुए क्षेत्र में रहने वाले लोगो के मोबाइल फोन भी सर्विलांस पर लगा दिये हैं। मुदस्सिर जमा खां ने आगे बताया कि वे कश्मीर श्रीनगर के एसडीपीओ रामपाल व एस एच ओ मोहम्मद खालिद तथा इन्वेस्टिगेशन



ऑफिसर अमन शर्मा से लगातार संपर्क बनाए हुए हैं। पुलिस अधिकारियों की सकारात्मक भूमिका नजर आ रही है। वे केस के हर बिंदु पर गहनता से जांच कर रहे हैं। उम्मीद है कि जल्द ही मर्डर केस का खुलासा हो जाएगा और कातिल जेल के अंदर होंगे। मुदस्सिर जमा खां के साथ श्रीनगर जाने वालों में मोहम्मद गुलफाम मृतक का भाई मोहम्मद जीशान तयेरा भाई आमिर खान फुफेरा भाई अमीर हसन शामिल हैं। ये लोग फिलहाल कश्मीर में रुके हुए हैं। मालूम हो कि पिछले सप्ताह मोहम्मद इमरान की अज्ञात हत्यारों ने बेरहमी के साथ गला रेतकर हत्या कर दी थी। शुक्रवार को शव किरतपुर लाया गया था। मृतक के परिजन अभी भी सदमे से उबर नहीं पाए हैं छोटे बच्चों का रो रो कर बुरा हाल है। मृतक श्रीनगर के अखनूर इलाके में किराए के कमरे में में रहता था। उसका शव 15 किलोमीटर दूर झाड़ियों में पंता चौक पर मिला था।

# मंगलमय हो मिलन तुम्हारा



वर-वधु को आशीर्वाद देते नरेंद्र सचदेवा व जया सचदेवा।

नगीना (चिंगारी)। नगर के प्रतिष्ठित व्यापारी चेतन प्रकाश सचदेवा की पौत्री व व्यापारी नरेंद्र सचदेवा की पुत्री श्वेता बीती रात आयोजित एक भव्य व शानदार वैवाहिक कार्यक्रम में रुद्रपुर निवासी सुरेंद्र कुमार कालरा के पुत्र सारंग के साथ वैवाहिक परिणय सूत्र में बंध गई। इस शानदार वैवाहिक कार्यक्रम में वर-वधु को आशीर्वाद देने पहुंचने वाले प्रमुख लोगों में व्यापारी नेता दीपक अग्रवाल, दीपक मल्होत्रा, गोरखनाथ खन्ना, नवीन माहेश्वरी, आशीष अग्रवाल, गौरव गोयल, सत्री मलिक, गौरव अग्रवाल, अरविंद अग्रवाल आदि मुख्य रूप से शामिल हुए। सभी मेहमानों का चेतन प्रकाश सचदेवा, नरेंद्र सचदेवा, जया सचदेवा, अमित सचदेवा, अंजू सचदेवा, रमेश सचदेवा, नोनू सचदेवा, कालू सचदेवा आदि ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया।

# जीत की खुशी मनाई, एक दूसरे को मिठाई खिलाई



तीन राज्यों में भाजपा की सरकार बनने पर नगीना में मिठाई खिलाकर जश्न मनाते भाजपा कार्यकर्ता।

**नगीना (चिंगारी)। पश्चिम बंगाल, असम एवं पुडुचेरी में भाजपा गठबंधन की सरकार बनने की खुशी में भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। भाजपा के प्रांतीय पार्षद रोहित कुमार रवि के आवास पर मंगलवार की दोपहर भाजपा कार्यकर्ताओं ने एकत्र होकर तीन राज्यों में पार्टी की सरकार बनने पर जमकर जश्न मनाया। इस मौके पर पूर्व विधायक सतीश गौतम, प्रांतीय पार्षद भाजपा रोहित कुमार रवि, संतोष देवी, सुगम चंद, अब्दुल कय्यूम राईन, तिलकराज, सरदार हरमीत सिंह, मनोहर सिंह, प्रीतम सिंह, दीपक कुमार आदि मौजूद रहे।**

# ईको गाड़ी की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

गंज (चिंगारी)। बाइक व ईको गाड़ी की आमने-सामने की टक्कर में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। क्षेत्र के ग्राम जहानाबाद निवासी सचिन (22 वर्ष) पुत्र विजेंद्र सिंह, हल्दौर के पास के गांव भोगपुर में क्लीनिक चलाता था। परिवार वालों ने बताया कि मंगलवार की देर शाम सचिन जहानाबाद के लिए आ रहा था। हल्दौर थाने के पास ईको कार से उसकी आमने सामने टक्कर हो गई। ग्रामीणों का कहना है कि सचिन की मौके पर ही मौत हो गई थी। होनहार व व्यवहार कुशल सचिन की मृत्यु से जहां एक और गांव में शोक छाया है, वहीं परिवार के सदस्यों का रो-रो कर बुरा हाल है। सचिन अपने चार भाई बहनों में सबसे बड़ा था।



मृतक का फाइल फोटो

# अहसन जमील ने पश्चिमी बंगाल में हो रही हिंसा पर चिंता जताई

बिजनौर (चिंगारी)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अहसन जमील ने पश्चिमी बंगाल में मतगणना के बाद हो रही हिंसा पर गहरी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि चुनाव के बाद इस तरह की घटनाएं लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। यह परंपरा देश के लिए घातक साबित हो सकती है। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से शांति बनाए रखने और कानून व्यवस्था का सम्मान करने की अपील की। अहसन जमील ने कहा कि लोकतंत्र में जीत और हार दोनों को सम्मानपूर्वक स्वीकार करना चाहिए। हिंसा किसी भी समस्या का समाधान नहीं है, बल्कि इससे समाज में अस्थिरता और भय का माहौल पैदा होता है। उन्होंने प्रशासन से भी सख्ती से कार्रवाई करने की मांग की, ताकि दोषियों को जल्द से जल्द सजा मिल सके। उन्होंने आम जनता से भी अपील की कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और शांति व भाईचारे को बनाए रखें। जमील ने कहा कि देश की एकता और अखंडता बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है, और इसके लिए हर नागरिक को सजग और जिम्मेदार बनना होगा।



# पुण्यतिथि पर चौ.अजित सिंह को याद किया, हवन व श्रद्धांजलि सभा आयोजित

## रालोद कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि, किसानों और सामाजिक न्याय के लिए उनके योगदान को किया याद

बिजनौर (चिंगारी)। पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं किसानों के सच्चे हितैषी चौधरी अजीत सिंह की पुण्यतिथि पर बुधवार को राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) जिला कार्यालय, बिजनौर में हवन एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत हवन में आहुति देकर और उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देने के साथ हुई।

इस अवसर पर वक्ताओं ने चौधरी अजीत सिंह के जीवन और उनके द्वारा किसानों के अधिकारों, सामाजिक न्याय और जनसेवा के लिए किए गए कार्यों को याद करते हुए उन्हें प्रेरणास्रोत बताया। हवन का आयोजन राधेश्याम चिकारा ने संपन्न कराया, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता रालोद जिला अध्यक्ष ओमपाल सिंह कश्यप ने की और संचालन संजीव चौधरी ने किया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक चौधरी सुखबीर सिंह, प्रदेश महासचिव चौधरी ब्रजवीर सिंह, अशोक चौधरी, प्रदेश सचिव काजी तारिक अली, सरदार बलबीर सिंह, सैनिक प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष लवकुश फौजी, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष हसनैन जड़ी सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। इसके अलावा राजीव कुमार बॉबी, ब्रजवीर सिंह आर्य, जबरपाल सिंह, विश्वजीत सिंह, अनुज कुमार, महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय महासचिव श्रीमती आशु राणा, पूनम चौधरी, चौधरी अलबेल सिंह, ज्ञानेंद्र चिकारा, अनुराग मलिक,



सुरेंद्र सिंह, सुनील कुमार, सुरेश पाल, डॉ. समरपाल सिंह, महेंद्र सिंह, मास्टर इंद्रमणि, ओमवीर सिंह, ओम सिंह, चौधरी राम सिंह, राकेश कुमार, अनंत कुमार, मोफिज आलम उर्फ गुड्डू अनिल कुमार, सुरेंद्र कुमार, धर्मेंद्र सिंह, वकील अहमद, कुलदीप चिकारा, शमीम अहमद, मनोज कश्यप, अजय पाल सिंह, सुभाष काकरान, आनंद प्रधान, विजेंद्र प्रधान और सत्येंद्र कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने चौधरी अजीत सिंह के आदर्शों पर चलने और किसानों के हित में कार्य करने का संकल्प लिया।

# गैस लेने के लिए उपभोक्ताओं को गर्मी व धूप में बहाना पड़ रहा पसीना

## गोदाम पर कर्मचारियों की संख्या कम होने से परेशानी

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के हरिद्वार मार्ग स्थित इण्डेन गैस एजेंसी के गोदाम से भरा हुआ गैस सिलेंडर लेने के लिए उपभोक्ताओं को धूप व गर्मी में लम्बी लाइन में लग कर पसीना बहाना पड़ रहा है। उपभोक्ताओं ने गोदाम पर पर्ची निकालने व कैश जमा करने वाले कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने की मांग की है। नजीबाबाद में पिछले कई महीने से पर्याप्त मात्रा में आपूर्ति न आने के कारण इण्डेन गैस की समस्या बनी है। उपभोक्ताओं को इण्डेन गैस का सिलेंडर लेने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। नियमानुसार सिलेंडर लेने के 25 दिन बाद गैस बुक कराने के बाद दोबारा गैस लेने के लिए भी करीब 10 से 15 दिन का इंतजार करना पड़ रहा है। काफी परिवार ऐसे है जिनका सिलेंडर 25 दिन नहीं बल्कि 20 दिन में ही खत्म हो जाता है। ऐसे परिवारों को सिलेंडर लेने के लिए काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। प्रशासन ने पहले गोदाम से गैस सिलेंडर देना बंद कराकर घरों तक होम डिलीवरी कराने के निर्देश दिये थे, मगर यह व्यवस्था सफल न होने पर प्रशासन ने फिर भरा हुआ सिलेंडर लेने के लिए गोदाम पर गैस रिफिल का वितरण बुकिंग की तारीख की मुताबिक शुरू कराया मगर रोज गोदाम पर एक-दो पिछली तारीखों की बुकिंग का सिलेंडर लेने वाले उपभोक्ताओं की काफी लम्बी लाइन लग जाती है जबकि गोदाम पर गैस एजेंसी के कर्मचारियों की संख्या मात्र दो-तीन रहती है, जिससे उपभोक्ताओं को गर्मी में घंटों लाइन में लगकर सिलेंडर लेना पड़ रहा है। जिससे उपभोक्ताओं का गर्मी में पसीना निकलने के साथ सारा दिन सिलेंडर लेने के लिए खराब हो रहा है। उपभोक्ताओं मदन, सूरज, जाहिद, शाहिद, शाहनवाज, राजीव आदि ने गोदाम पर कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने की मांग की है।



गोदाम पर सिलेंडर लेने के लिए गर्मी व धूप में लम्बी लाइन में लगे उपभोक्ता।

## जीशान नजीबाबादी ने गोदाम पर कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने की मांग की



नजीबाबाद के सामाजिक कार्यकर्ता एवं सोशल मीडिया पर लगातार गैस उपभोक्ताओं की मांग उठाने वाले जिशान नजीबाबादी ने इस संबंध में एजेंसी मालिक, स्थानीय प्रशासन, नजीबाबाद के विधायक, चेयरमैन व साहनपुर के चेयरमैन को भेजे पत्र में कहा कि गोदाम पर गैस लेने आने वाले उपभोक्ताओं को गोदाम पर कम्प्यूटर पर मात्र दो कर्मचारी होने से घंटों धूप व गर्मी में लाइन में लगकर अपना पसीना बहाने को मजबूर होना पड़ रहा है। ऐसी स्थिति में गोदाम पर एजेंसी को तुरंत दो की जगह कम से कम आधा दर्जन कर्मचारी तैनात कर उपभोक्ताओं को समय से गैस सिलेंडरों का वितरण कराने की व्यवस्था करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वह प्रतिदिन गैस गोदाम पर पहुंचकर उपभोक्ताओं की समस्या सोशल मीडिया के माध्यम से उठाते रहेगे उनसे उपभोक्ताओं की परेशानी देखी नहीं जा रही है। वह हर संभव अपनी आवाज के माध्यम से उपभोक्ताओं को निजात दिलाने के लिए लड़ाई जारी रखेगे। इससे पूर्व जिशान नजीबाबादी गैस उपभोक्ताओं को एजेंसी पर धूप से बचाने के लिए टैंट लगवाने व वहां पानी की व्यवस्था कराने का कार्य कर चुके है।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गांव के कनेक्शन दूसरी एजेंसी पर ट्रांसफर कराने की मांग की

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के कांग्रेस कार्यकर्ताओं की एक बैठक एम. अकरम खा कांग्रेस नेता के निवास स्थान पर संपन्न हुई। जिसमें नजीबाबाद के आम नागरिकों को इण्डेन गैस न मिलने पर हो रही समस्या पर चिंता व्यक्त की गई। कांग्रेस के जिला सचिव एम. अकरम खान ने बताया कि गैस न मिलने से आम नागरिकों को कितनी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इंडियन गैस एजेंसी के उपभोक्ता ज्यादा परेशान है, क्योंकि इंडियन गैस स्वामी गैस वितरण की सही प्रकार से व्यवस्था नहीं बन पा रहे है। इंडियन गैस एजेंसी पर अधिक कनेक्शन होना भी इसका एक कारण है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि इंडियन गैस एजेंसी को अपना लोड कम करने के लिए गांव के कनेक्शन साहनपुर व जलालाबाद एचपी एजेंसी पर ट्रांसफर करना चाहिए। बैठक में अधिकारियों से मांग की गई की इंडियन गैस की अव्यवस्था को व्यवस्थित किया जाए। बैठक को कांग्रेस जिला सचिव एम अकरम खान, नगर अध्यक्ष रईस कुरैशी, राकेश शर्मा, अमजद सिद्दीकी, वसीम अख्तर, गोविंद सिंह कुशवाहा, वसीम अख्तर, नदीम फारूकी, शराफत हुसैन, अभिनव अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## नजीबाबाद में ताइक्कांडो का धमाल, खिलाड़ियों ने किया कमाल




नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के कुसुम विहार कॉलोनी स्थित लायंस क्लब बैंकेट हॉल में आयोजित 15वीं इंटर स्कूल ताइक्कांडो चैंपियनशिप में खिलाड़ियों का जोश व जुनून देखने लायक रहा। नजीबाबाद ताइक्कांडो ट्रेनिंग अकादमी की ओर से आयोजित इस प्रतियोगिता में जिले भर के 15 से 20 स्कूलों के करीब 200 खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि लीना सिंघल, विशिष्ट अतिथि द्रोणा इंटरनेशनल एकेडमी के डायरेक्टर वसीम बख्श, सुभासपा जिला सदस्यता प्रभारी रणवीर सिंह निराला, ताइक्कांडो एसोसिएशन ऑफ बिजनौर के सचिव अंकुर चैधरी व अकादमी अध्यक्ष अधिराज राठी ने फीता काटकर किया। इसके बाद खिलाड़ियों के बीच रोमांचक मुकाबलों का सिलसिला शुरू हुआ। प्रतियोगिता ताइक्कांडो एसोसिएशन ऑफ बिजनौर की देखरेख में संपन्न हुई। निर्णायक मंडल में नेशनल रेफरी टेक्निकल इंचार्ज हिमांशु भारती, उज्जवल सिंह सहित कई अनुभवी रेफरी शामिल रहे, जिन्होंने निष्पक्ष निर्णय देकर मुकाबलों को रोचक बनाए रखा। दिनभर चले मुकाबलों के बाद इंटरनेशनल एकेडमी रायपुर सादात ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान पाया। वहीं वालिया ग्लोबल एकेडमी नजीबाबाद ने दूसरा व द्रोणा इंटरनेशनल एकेडमी नजीबाबाद ने तीसरा स्थान हासिल कर अपनी ताकत का अहसास कराया। रिंकू कोच नजीबाबाद के अनुसार बालिका वर्ग में भी खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में जिले के काफी ताइक्कांडो कोच बृजेश कुमार, विक्रम सिंह, वीरेंद्र सिंह, नितिन वर्मा, चारु संगम, शिवानी सिंह, दीपिका सिंह सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## खुर्शीद मंसूरी को मिल रहा भरपूर प्यार, लोग चुनाव लड़ाने को तैयार

नजीबाबाद (चिंगारी)। नजीबाबाद विधानसभा के ग्राम चंदनपुरा में आजाद समाज पार्टी के मुरादाबाद मंडल प्रभारी व साहनपुर चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी को अपनों का भरपूर प्यार व समर्थन मिल रहा। ग्रामवासियों ने एकजुट होकर वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में भावी उम्मीदवार खुर्शीद मंसूरी को चुनाव लड़ाने की बात कही। जनसभा में लोगों ने स्पष्ट रूप से कहा कि अब समय आ गया है कि दलित, मुस्लिम व पिछड़ा वर्ग एकजुट होकर बहुजन समाज की आवाज़ को मजबूत कर आज़ाद समाज पार्टी को समर्थन दें। वक्ताओं ने यह भी कहा कि समाजवादी पार्टी ने हमेशा मुस्लिम समाज को केवल वोट बैंक की तरह इस्तेमाल किया, जबकि मुश्किल समय में हमेशा चंद्रशेखर आज़ाद ने साथ निभाया है। सभा की अध्यक्षता कर रहे हाजी साबिर ने कहा कि नजीबाबाद विधानसभा में अब बदलाव बेहद जरूरी हो गया है, क्योंकि पिछले 15 वर्षों से क्षेत्र विकास के बजाय बदहाली झेल रहा है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि खुर्शीद मंसूरी का ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम में राशिद, सरफराज, जाकिर, हनीफ, आकिब, महमूद, शाहिद, साजिद, नसीम, शाहबाज, ताहिर हुसैन, फिरासत हुसैन सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता हाजी साबिर एवं संचालन उबैद नजीबाबादी ने किया।



# दून पुलिस ने चोरी की घटना का किया पर्दाफाश, माल सहित एक गिरफ्तार, तीन अन्यों की तलाश

**देहरादून (चिंगारी)।** दून पुलिस ने कैण्ट क्षेत्र हुई चोरी की घटना में गिरोह के एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी किया गया माल बरामद किया। जानकारी के अनुसार थाना कैंट में आनंद सिंह डूंगरियाल ने तहरीर दी कि अज्ञात चोरों द्वारा उनके घर से ज्वैलरी व नगदी चोरी कर ली गई है। तहरीर के आधार पर थाना कैण्ट पर अभियोग पंजीकृत किया गया।

वर्तमान में प्रचलित ऑपरेशन प्रहार के अन्तर्गत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून द्वारा सभी अधीनस्थों को अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार सघन चैकिंग/सत्यापन अभियान चलाते हुए आपराधिक गतिविधियों में लिप्त अभियुक्तों को चिन्हित कर उनके विरूद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

इसी क्रम में घटना के अनावरण तथा अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस



अधीक्षक देहरादून के निर्देशों पर थाना कैण्ट पर पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम द्वारा घटना स्थल तथा उसके आस-पास आने जाने वाले रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेजों का अवलोकन कर संदिग्धों के सम्बन्ध में आवश्यक जानकारियां एकत्रित की गई तथा सुरागरसी- पतारसी करते हुए सर्विलांस के माध्यम से भी अभियुक्तों के सम्बन्ध में जानकारी की गई।

पुलिस द्वारा लगातार किये जा रहे प्रयासों से टीम को उक्त घटना में संभल के एक गिरोह के शामिल होने की जानकारी प्राप्त हुई, जिस पर तत्काल एक टीम को संभल (उत्तर प्रदेश) रवाना किया गया, जहां टीम द्वारा घटना में शामिल अभियुक्तों के संबंध में गोपनीय रूप से जानकारियां एकत्रित करते हुए अभियुक्त मोहम्मद शान पुत्र मोहम्मद कल्लू निवासी- ग्राम गुमथल, थाना- बनिया खेर, जिला - संभल (उत्तर प्रदेश) को संभल से गिरफ्तार किया गया, जिसके कब्जे से चोरी की गई ज्वैलरी व नगदी बरामद हुई। पूछताछ में अभियुक्त द्वारा बताया गया कि उसने अपने गांव के रहने वाले एक व्यक्ति तथा उसके 02 अन्य साथियों के साथ मिलकर चोरी की उक्त घटना को अंजाम दिया गया था। घटना से पूर्व वे सभी 02 बाइकों पर सवार होकर देहरादून आये थे तथा दिन में उनके द्वारा कैण्ट क्षेत्र में बंद मकानों की रैकी करते हुए उक्त घर को चिन्हित किया था तथा रात्रि में मौका देखकर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। घटना के बाद वे सभी अलग-अलग रास्तों से वापस संभल आ गये तथा संभल पहुंचकर घटना में चोरी किये गये माल को आपस में बांट लिया, जिसके पश्चात वो सभी अलग-अलग स्थानों को फरार हो गये। अभियुक्त से पूछताछ में गिरोह के सरगना के विरूद्ध झारखण्ड, उत्तर प्रदेश व अन्य राज्यों में आपराधिक घटनाओं के कई अभियोग पंजीकृत होना प्रकाश में आया है, जिसके सम्बन्ध में जानकारी की जा रही है साथ ही घटना में शामिल अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु सभी सम्भावित स्थानों पर दबिशें दी जा रही हैं।

## एमकेवीएन के स्थापना दिवस पर विद्यालय में हुआ गायत्री महायज्ञ

**कोटद्वार (चिंगारी)।** भाबर क्षेत्र के कण्वघाटी स्थित एमकेवीएन सीनियर सेकेण्डरी स्कूल के स्थापना दिवस पर विद्यालय प्रांगण में स्थित यज्ञशाला में पंडित अमन धूलिया शास्त्री के सान्निध्य में गायत्री महायज्ञ संपन्न कराया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक प्रकाश चन्द्र कोठारी ने कहा कि विद्यालय की स्थापना संरक्षक महाराज देवी प्रसाद शर्मा व गोदावरी देवी कोठारी के सान्निध्य में 04 मई 1992 को की गई थी। तब से विद्यालय नई-नई ऊंचाईयों को छू रहा है। वहीं कार्यकारी निदेशक मयंक प्रकाश कोठारी ने कहा कि पिछले 34 वर्षों में स्कूल ने नए आयाम स्थापित किए हैं और विद्यार्थियों के शैक्षणिक एवं सर्वांगीण विकास में उल्लेखनीय योगदान दिया है। कहा कि इन उपलब्धियों में विद्यालय स्टाफ की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

विद्यालय भविष्य में भी विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रशासनिक निदेशक विपिन जदली, प्रधानाचार्य सुनीता नैथानी, अशोक जखमोला, सीमा पटवाल और पुष्पा केष्टवाल सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## फर्जी कस्टमर केयर प्रतिनिधि बन कर एक लाख ठगने वाला झारखण्ड से गिरफ्तार

**कोटद्वार (चिंगारी)।** कोतवाली पुलिस ने फर्जी टोल-फ्री नंबर बना कस्टमर केयर प्रतिनिधि बन कर एक लाख रूपए की धनराशि ठगने वाले झारखंड निवासी आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 8 मार्च 2026 को स्थानीय निवासी लक्ष्मण सिंह द्वारा कोतवाली में शिकायती प्रार्थना पत्र दिया गया जिसमें उनके द्वारा अवगत कराया गया कि उन्होंने गूगल पर पोस्ट ऑफिस का टोल-फ्री नम्बर सर्च किया, जिसके उपरांत एक अज्ञात व्यक्ति ने स्वयं को कस्टमर केयर प्रतिनिधि बताते हुए संपर्क किया और उन्हें विश्वास में लेकर यूपीआई के माध्यम से एक लाख रुपये अपने खाते में ट्रांसफर करा दिये। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए तफ्तीश आरंभ कर दी। आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी सर्वेश पंवार के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार ठाकुर एवं क्षेत्राधिकारी निहारिका सेमवाल के पर्यवेक्षण व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रदीप नेगी के नेतृत्व में गठित विशेष पुलिस टीम को तकनीकी साक्ष्यों एवं सर्विलांस के माध्यम से विवेचना करते हुए मामले में सिराजअंसारी निवासी जामताड़ा, (झारखंड) के संलिप्त होने का पता चला। टीम को विस्तृत जानकारी एकत्रित करने पर ज्ञात हुआ कि सिराज पूर्व से ही एक अन्य साइबर ठगी के मामले में मण्डल कारा, जामताड़ा (झारखंड) जेल में बंद था। इस पर पुलिस टीम द्वारा तत्काल विधिक कार्रवाई करते हुए आरोपी के विरुद्ध माननीय न्यायालय से बी-वारंट प्राप्त कर आरोपी सिराज अंसारी, निवासी करमाटांडा, जिला जामताड़ा, झारखंड को अभिरक्षा में लिया गया और न्यायालय के समक्ष पेश करते हुए जिला कारागार भेज दिया गया।

## 30 मई तक राशन कार्ड की ई-केवाईसी पूर्ण कराना अनिवार्य : डीएसओ

**देहरादून (चिंगारी)।** राज्य सरकार ने राशन कार्ड धारकों के लिए ई-केवाईसी प्रक्रिया को अनिवार्य कर दिया है। सभी यूनिट धारकों को 30 मई तक हर हाल में अपनी ई-केवाईसी पूर्ण कराने को कहा गया है, ताकि भविष्य में राशन प्राप्ति में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

सरकार द्वारा नेशनल इनफॉर्मेटिक्स सेंटर के माध्यम से 'मेरा ई-केवाईसी' ऐप तैयार किया गया है। इस ऐप की मदद से बुजुर्ग, दिव्यांग एवं असहाय राशन कार्ड धारक घर बैठे ही अपनी ई-केवाईसी आसानी से पूरी कर सकते हैं। ऐप में आधार संख्या, पंजीकृत मोबाइल नंबर पर प्राप्त ओटीपी और फेस रिकॉग्निशन के जरिए सरल प्रक्रिया अपनाई गई है। आंकड़ों के अनुसार, सफेद राशन कार्ड धारकों में 72 प्रतिशत ई-केवाईसी पूर्ण हो चुकी है। वहीं, पीले राशन कार्ड धारकों में अब तक 40 प्रतिशत ई-केवाईसी पूरी हुई है। जिला पूर्ति अधिकारी केके अग्रवाल ने बताया कि 'मेरा ई-केवाईसी' ऐप के माध्यम से छूटे हुए लाभार्थी भी आसानी से प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। विशेष रूप से जो लोग राशन की दुकान तक पहुंचने में असमर्थ हैं, उनके लिए यह ऐप काफी उपयोगी साबित हो रहा है। उन्होंने सभी राशन कार्ड धारकों से अपील की है कि वे निर्धारित समय सीमा के भीतर अपनी ई-केवाईसी अवश्य पूर्ण कर लें, ताकि उन्हें सरकारी खाद्यान्न का लाभ निरंतर मिलता रहे।

**'मेरा ई-केवाईसी' ऐप से घर बैठे पूरी करें प्रक्रिया**

## युवक को आत्महत्या के लिए मजबूर करने वालों पर कार्यवाही की मांग

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भेजा जिलाधिकारी को ज्ञापन

**कोटद्वार (चिंगारी)।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सतपुली के रैतपुर निवासी अनुसूचित जाति के युवक पंकज को बेरहमी से पीटने के बाद आत्महत्या के लिए मजबूर करने वाले कार्मिकों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने की मांग की है। इस संबध में कार्यकर्ताओं ने पूर्व कांग्रेस मेयर प्रत्याशी रंजना रावत के नेतृत्व में तहसील पहुंचकर उपजिलाधिकारी के माध्यम से जिलाधिकारी को ज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन में कहा गया है कि मृत युवक की बाइक से एक व्यक्ति को टक्कर लगी,जो सतपुली नगर के बीजेपी नेत्री का पति बताया जा रहा है। वह व्यक्ति उसे खींचकर थाने ले गया जहां पर उसे बेरहमी से पीटा गया। साथ ही उसके परिजनों को भी थाने में ले जाकर प्रताड़ित किया गया। इस घटना के बाद सदमे आए युवक ने अपनी जीवन लीला समाप्त कर दी। कहा कि युवक को आत्म हत्या के लिए मजबूर करने वाले कार्मिकों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर कठोर कार्यवाही की जानी चाहिए। ज्ञापन प्रेषित करने वालों में बलबीर सिंह रावत, लक्ष्मी चौहान, शीला भारती, प्रेम सिंह पयाल, नरेन्द्र सिंह नेगी, विनोद रावत, महाबीर सिंह नेगी, प्रदीप नेगी, जावेद हुसैन, संजय रावत, त्रिभुवन सिंह, प्रीतम नेगी और गोकुल रावत आदि शामिल रहे।

## प्राविधिक स्वयंसेवकों के कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन

**कोटद्वार (चिंगारी)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव/सिविल जज नाज़िश कलीम की अध्यक्षता में प्राविधिक स्वयंसेवकों/अधिकार मित्रों की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में सभी पीएलवी द्वारा माह के दौरान किये गये कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गयी। सचिव ने स्वयंसेवकों को उनके कर्तव्यों एवं दायित्वों की जानकारी देते हुए निर्देश दिए कि वे विधिक सेवा से संबंधित योजनाओं का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करें और पात्र व्यक्तियों तक नि:शुल्क विधिक सहायता सुनिश्चित करें। उन्होंने जागरुकता शिविरों के आयोजन करते हुए कहा कि आमजन को उनके विधिक अधिकारों के प्रति जागरूक करना प्राथमिकता होनी चाहिए। साथ ही मई 2026 की कार्ययोजना के अनुसार कार्य करते हुए निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने और नियमित प्रतिवेदन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिये। इस अवसर पर असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल विनोद कुमार, रिटेनर अधिवक्ता गजेंद्र सिंह रावत सहित सभी प्राविधिक स्वयंसेवक/अधिकार मित्र उपस्थित थे।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

## सुखदेव शास्त्री बने आर्य समाज ध्रुवपुर के प्रधान

**कोटद्वार (चिंगारी)।** नगर निगम के अंतर्गत ध्रुवपुर स्थित आर्य समाज के वार्षिक चुनाव में सुखदेव शास्त्री को प्रधान व रामप्रकाश कौशिक को मंत्री चुना गया। इस संबंध में ध्रुवपुर स्थित आर्य समाज कार्यालय में संपन्न चुनावों में वीरेंद्र कुमार भारती को उपप्रधान, राजेंद्र सिंह को उपमंत्री, सच्चिदानंद शर्मा को कोषाध्यक्ष, परमानंद व उज्ज्वल खेतवाल को प्रचार मंत्री चुना गया। रणजीत सिंह को लेखा निरीक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं महानंद, शूरवीर खेतवाल, रक्षा देवी व गुड्डी देवी को कार्यकारिणी का सदस्य बनाया गया।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# धामपुर में खाकी पर दाग! महिला से छेड़छाड़ के आरोप में दरोगा की बेरहमी से पिटाई

## धार्मिक स्थल बना विवाद का केंद्र गंभीर रुप से घायल दरोगा हायर सेंटर रैफर

**धामपुर ( चिंगारी )।** स्थानीय मोहल्ला क्षत्रिय नगर स्थित एक धार्मिक स्थल उस समय सनसनी का केंद्र बन गया, जब वहां रहने वाले कस्बा इंचार्ज दरोगा पर एक महिला ने अश्लील छेड़छाड़ के गंभीर आरोप लगा दिए। आरोपों के बाद मामला इतना बढ़ा कि महिला के परिजनों और दरोगा के बीच जमकर मारपीट हो गई, जिसमें खाकी पहनने वाला ही बुरी तरह घायल हो गया। जानकारी के मुताबिक, दरोगा ब्रह्मपाल गिरि पिछले आठ महीनों से बाबा पानपदास समाधि स्थल परिसर में रह रहे थे। उसी परिसर में एक परिवार भी रहता है, जिसने खेती का ठेका ले रखा है। आरोप है कि देर रात ड्यूटी से लौटे दरोगा ने मौके का फायदा उठाकर महिला को अकेला पाकर पीछे से पकड़ लिया और अश्लील हरकतें शुरू कर दीं। महिला के विरोध पर मामला हाथापाई तक पहुंच गया, जिसमें उसके कपड़े तक फट गए।

### महिला के आरोपों व दरोगा की तहरीर पर अलग-अलग जांच शुरू

महिला की चीख-पुकार ने माहौल गरमा दिया। मौके पर पहुंचे पति उमेश और भाई राहुल ने दरोगा का सामना किया, जिसके बाद दोनों पक्षों में जमकर भिड़ंत हुई। इस दौरान दरोगा का सिर दीवार से टकराने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल दरोगा को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां से हालत बिगड़ने पर उसे हायर सेंटर रैफर कर दिया गया। वहीं, पुलिस ने दरोगा की तहरीर पर उमेश और राहुल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है, जबकि महिला के लगाए गए छेड़छाड़ के आरोपों की भी जांच शुरू कर दी गई है।

अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी अमित किशोर श्रीवास्तव का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जा रही है। दोनों पक्षों के आरोपों को गंभीरता से लिया जा रहा है।

घटना के बाद इलाके में चर्चाओं का बाजार गर्म है। खाकी से जुड़ा मामला होने के कारण पूरे प्रकरण को बेहद संवेदनशील माना जा रहा है। हर नजर अब जांच के नतीजों पर टिकी है।




# कर्ज से परेशान पाकिस्तान ने शराब एक्सपोर्ट शुरू किया

**इस्लामाबाद ( एजेंसी/चिंगारी )।** कर्ज से जूझ रहे पाकिस्तान ने 50 साल बाद फिर से दूसरे देशों को शराब बेचना शुरू कर दिया है। देश की इकलौती लोकल कंपनी मरी ब्रूअरी ने अप्रैल 2026 में ब्रिटेन, जापान, पुर्तगाल और थाईलैंड जैसे देशों को बीयर और अन्य अल्कोहलिक ड्रिंक्स एक्सपोर्ट की हैं। कंपनी के एक्सपोर्ट मैनेजर रमीज शाह के मुताबिक, अभी शुरुआत में विदेशों में नेटवर्क बनाया जा रहा है और आगे चलकर प्रोडक्शन बढ़ाने की योजना है। पाकिस्तान में मुस्लिम आबादी के लिए करीब 50 साल पहले इस्लामिक नियमों का हवाला देकर शराब पर बैन लगाया गया था। इसके बाद शराब का एक्सपोर्ट भी बंद हो गया था।

## आवश्यकता है

ग्रीन सवेरा वेस्ट मैनेजमेंट सर्विस प्रा. लि., सुहागपुर ( धामपुर ) के लिए इंग्लिश बोलने वाली लेडी ऑफिस स्टाफ ( अकाउंट + कॉलिंग ) की आवश्यकता है। सेलरी 12,000-15,000 + ट्रांसपोर्टेशन।
संपर्क करें- मो. 9758405551







